


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17

वर्ष 18 ● अंक 108 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online ग्वालियर, बुधवार 01 मई 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8



5 मणिपुर में जातीय संघर्ष और बेलगाम उपद्रवी, सरकारी सम्पादकीय | कुमाऊं के जंगलों में आग | मुद्दा- चुनाव, मजदूर और चिलचिलाती गर्मी... 5


# पीएम मोदी ने कहा- मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिक रहे हैं



आर.एन.एस.

**धाराशिव।** महाराष्ट्र के धाराशिव में मंगलवार को पीएम मोदी ने कहा- जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चलाकर तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं।

पीएम ने कहा कि अब उनकी हालत ऐसी है कि जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा है, तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए। मोदी ने कहा- हमारी सरकार दुनिया भर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने पर जोर दे रही है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि बाजरा दुनियाभर में खाने की मेज तक पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मेरे लिए राजकीय रात्रिभोज दिया था, उसके मेन्यू में बाजरा था।

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए मोदी ने मंगलवार (30 अप्रैल) को महाराष्ट्र के माढा में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था। जिसके पास 400 सांसद थे, वो 250 लोगों को चुनाव भी नहीं लड़वा पा रही है। आपको कांग्रेस के एक्सरे से सावधान रहना है। कांग्रेस के शहजादे गली-गली घूमकर कह रहे हैं कि उनको मौका मिलेगा तो वो आपका एक्सरे निकालेंगे। आपके घर में पड़े सोने और संपत्ति का ये हिसाब लगाएंगे। इसके बाद इसे बांट देंगे। कांग्रेस वाले विरासत टैक्स की भी बात कर रहे हैं। कांग्रेस कहती है कि जो आप बचत करते हैं उस पर सरकार का भी हक होगा। ये मार्क्सवादियों और नक्सलवादियों की विचारधारा है।

## बिहार के भागलपुर में भीषण सड़क हादसा, 6 की मौत

**भागलपुर।** पुलिस ने मंगलवार को कहा कि बिहार के भागलपुर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक जीप को टक्कर मार दी, जिससे दो नाबालिगों सहित छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हादसा सोमवार रात करीब 11.30 बजे आमापुर गांव में हुआ। घोघा पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) अजीत कुमार ने कहा, तेज रफ्तार स्टोन चिप्स से लदा ट्रक कथित तौर पर नियंत्रण खो बैठा और राष्ट्रीय राजमार्ग -80 पर जीप से टकरा गया। यात्री एक शादी की पार्टी में जा रहे थे। घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंने बताया कि ट्रक का चालक, जिसे जब्त कर लिया गया है, भाग गया।

# गृहमंत्री ने कहा- हम राम के नाम पर वोट नहीं मांग रहे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस यह झूठ फैला रही है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है. शाह ने दावा किया कि जनता के आशीर्वाद और समर्थन से भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि हम कोई तुष्टीकरण की राजनीति नहीं कर रहे हैं. अमित शाह ने कहा, असम में हम कोई तुष्टीकरण की राजनीति नहीं कर रहे हैं... लेकिन हमें यकीन है कि 14 में से 12 सीटें जीतेंगे. हम राम के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं... हम सिर्फ यह कह रहे हैं कि हमारे समय में राम मंदिर बना... हमने उसका उद्घाटन किया और उन्होंने (कांग्रेस) राम का बहिष्कार किया. भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण में विश्वास नहीं रखती. हम मतदाताओं को अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक के रूप में नहीं देखते. भाजपा अध्योध्या में राम मंदिर बनाएगी और वहां राम मंदिर बनना चाहिए, यह हमारे घोषणापत्र में 1989 से है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की हताशा और निराशा इस स्तर पर पहुंच गई कि उन्होंने मेरा और कुछ भाजपा नेताओं का फेक वीडियो बनाकर सबके बीच में सार्वजनिक किया. मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष तक के नेताओं ने भी इस वीडियो को फॉरवर्ड करने का काम किया. सौभाग्य से मेरे उस भाषण की वीडियो रिकॉर्डिंग हुई थी, इसलिए सब दूध का दूध और पानी हो गया और आज कांग्रेस पार्टी के नेता आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं. राहुल गांधी ने जब से कांग्रेस की कमान संभाली है, तब से राजनीति का स्तर नीचे ले जाने का काम कर रहे हैं.

# यह चुनाव सनातन धर्म की रक्षा व देश का मान-सम्मान बढ़ाने का चुनाव है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## देशभर से एक ही आवाज उठ रही नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है: विष्णुदत्त शर्मा






**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मुरैना, लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला श्योपुर के विजयपुर एवं प्रेमसर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।**

**मुरैना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुरैना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में श्योपुर जिले के विजयपुर एवं प्रेमसर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। उन्होंने विकास के साथ ही देश की तरफ आंख उठाकर देखने वाले दुश्मनों का विनाश करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। देश के अंदर और बाहर के दुश्मनों को सबक सिखाया है। कांग्रेस पार्टी 70 सालों तक राममंदिर को लेकर अड़ंगे लगाती रही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देशभर से एक ही आवाज उठ रही नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। एक परिवार में सिमटी कांग्रेस पार्टी जातियों में भ्रम फैलाने का कार्य कर रही है, इसलिए कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र के लोगों से सावधान रहें। भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर मैदान में है और चुनाव जिताने में पार्टी संगठन और कार्यकर्ता ही मुख्य भूमिका निभाता है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी से भाजपा में शामिल हुए विधायक रामनिवास रावत ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान विजयपुर विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामनिवास रावत तथा नगर पालिक निगम मुरैना की महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता गृहण की।

### - कांग्रेस के विधायक रामनिवास रावत व महापौर शारदा सोलंकी ने गृहण की भाजपा की सदस्यता

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन खुली किताब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का जीवन खुली किताब है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देशसेवा, राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री मोदीजी ने अपने जीवन में 51 साल के पहले कोई चुनाव नहीं लड़े। उन्होंने न तो घर बसाया, न परिवार बसाया, न जमीन खरीदी, न मकान और न ही कोई दुकान बनाई। हम सब जानते हैं, मोदीजी ये तपस्या हम सबका जीवन अच्छा करने के लिए कर रहे हैं। जिनका खुद का मकान नहीं है, वो 4 करोड लोगों को मकान देने का सपना देखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों के लिए अपना जीवन पूरी तरह समर्पित कर दिया है। कोरोनाकाल के दौर में भाई का भाई नहीं हो रहा था, सगे-संबंधी दूर भाग रहे थे उस दौर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाला और हम सबकी जान बचाने के लिए जुट गए।

### विकास में नहीं रखी कोई कमी, बदली देश की दशा और दिशा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 10 सालों में देश की दशा और दिशा बदलने का काम किया है। उन्होंने किसी भी क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रखी है। यही कारण है कि अब हमारा देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और हम विश्वगुरू बनने की तरफ अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उन्होंने आदिवासी अंचल में पक्के मकान बनाकर दिए। आदिवासियों के लिए कभी कोई पक्के मकान की कल्पना कर सकता था। यह केवल वही व्यक्ति सोच सकता है जिसके ऊपर गरीबी बीती हो, जिसने माताओं, बहनों को पानी के मटके लेकर नल और कुएं पर भटकते हुए देखा हो। वही व्यक्ति यह सोच सकता है कि माता-बहनों को कहीं पर भी मटके लेकर जाने की जरूरत नहीं है। उनको घर में ही नल का जल मिलना चाहिए। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी उनको नल-जल योजना के माध्यम से घर पर ही पीने का पानी उपलब्ध कराते हैं। पार्वती, काली सिंध और चंबल योजना के माध्यम से 70 हजार करोड़ का पैकेज प्रधानमंत्री मोदीजी ने दिया है। 35 हजार करोड़ की योजना में हमारा अपना ये क्षेत्र भी आएगा। इसके माध्यम से आधा राजस्थान और आधा मध्यप्रदेश दोनों क्षेत्रों में पीने का पानी, सिंचाई का पानी बराबरी से मिलेगा। यह 20 साल पहले भी हो सकता था, लेकिन करने की इच्छा शक्ति नहीं थी।

### रामनिवास रावतजी व्यक्ति तो बहुत सही हैं, लेकिन गलत पार्टी में थे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विजयपुर के विधायक रामनिवास रावतजी व्यक्ति तो बहुत सही हैं, लेकिन उनकी पार्टी गलत थी। अब वे सही जगह आ गए हैं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है। **शेष पृष्ठ 5 पर....**

# कांग्रेस पार्टी के पास न तो नीति है और न ही नेता बचे हैं: नरेन्द्र सिंह

## मैं और शिवमंगल दोनों मिलकर करेंगे मुरैना-श्योपुर का विकास: ऐंदल सिंह






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों के कारण संगठन में भगदड़ मची है। कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं, अब कांग्रेस पार्टी के पास चुनाव लड़ने के लिए न तो कोई नेता बचा है और ना ही कोई नीति शेष रही है। नेतृत्व विहीन कांग्रेस सत्ता पाने के लिए छटपटा रही है।

यह बात, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कही। श्री तोमर, मंगलवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के गौसपुर गांव में हिंदू नववर्ष मिलन समारोह एवं बंधा गांव स्थित जोधाबाबा मंदिर पर समरसता समागम कार्यक्रम में उपस्थितजन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इन कार्यक्रमों में उनके साथ मप्र के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए जब स्व. राजीव गांधी मुरैना आए थे, तब उन्होंने कहा था कि केन्द्र सरकार जनता के कल्याण को एक रूपया भी भेजती है, तो उसमें से 85 पैसे बीच के लोग डकार जाते हैं, जनता को सिर्फ 15 पैसे ही मिल पाते है। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किसानों, गरीबों के खाते में सिंगल क्लिक के जरिए रूपये भेजकर बीच में पैसे खाने वालों को हटा दिया है। जिसकी वजह से कांग्रेस में छटपटाहट है। श्री तोमर ने ग्रामीणजन से कहा कि हम लोग भागवत कथा का निमंत्रण भी अस्वीकार नहीं करते, जबकि कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराकर भगवान का अपमान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार ने किसान सम्मान निधि, उज्जवला, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना, पीएम आवास जैसी योजनाओं से गरीब, किसानों, महिलाओं के जीवन को बदलने का काम किया है।

### गौसपुर में हुआ हिंदू नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन

कार्यक्रमों में कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना ने कहा कि जनता ने मुझे आशीर्वाद देकर भोपाल पहुंचाया है, अब जनता भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर को अपना आशीर्वाद देकर दिल्ली भेजने का काम करे। मैं और शिवमंगल सिंह तोमर मुरैना-श्योपुर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रमों में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदोरिया भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर का सुपुत्र गौरव तोमर, जिलाध्यक्ष सोनू परमार, मुरैना जनपद अध्यक्ष मोहर सिंह कंषाना, मंडल अध्यक्ष अजीत गुर्जर, बालकृष्ण शर्मा सांटा, बृजकिशोर डण्डौतिया, उम्मेद सिंह कंषाना, हरवेन्द्र सिंह सरपंच, छैरा मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, अनिल गोयल, पान सिंह बघेल, राकेश बघेल, मुंगावली मंडल अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, गजेन्द्र सिंह परमार, पार्षद हरीसिंह सिकरवार, भारत सिंह परमार, किशोर सिंह परमार, नारायण सिंह परमार, राजा परमार, गोपाल सिंह परमार, हरिश्चंद्र सिकरवार आदि उपस्थित थे।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा-कांग्रेस ने लोधी समाज के संघर्ष को कभी पहचान नहीं दी

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना क्षेत्र को देशभर में पहचान दिलाई: प्रहलाद पटेल





**- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल ने अशोकनगर के सेहराई में लोधी समाज की बैठक को किया संबोधित**

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री व गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल ने अशोक नगर जिले के सेहराई में लोधी समाज की बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद 65 वर्षों तक लोधी समाज के संघर्ष को पहचान नहीं दी। रानी अवंतीबाई के शौर्य और वीरता को जनता के सामने नहीं आने दिया। लोधी समाज के संबंध में अगर किसी ने बात की तो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने की है। रानी अवंतीबाई जैसे वीर-वीरांगनाएं जो इतिहास के पन्नों में खो गए थे, उनके योगदान को याद कर, उनका सम्मान करना, यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संचालित ÷आज़ादी का अमृत महोत्सव÷ पहल की आत्मा है। सिंधिया ने कहा कि मेरा और प्रहलाद पटेल का पारिवारिक संबंध है। जब हम दोनों अलग-अलग राजनीतिक दल में थे, तब भी हम दोनों में मित्रता और पारिवारिक संबंध प्रगाढ़ रहे हैं। हम दोनों जनता को जर्नादन मानकर क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

### इस क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव कार्य किया

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि मैंने अशोकनगर और आसपास के जिलों के विकास के लिए लगातार कार्य किया है। अशोकनगर में सड़कों का जाल बिछाने के साथ लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। आप लोगों ने जो कार्य करने के लिए कहा, मैंने उसे समय पर पूरा किया। नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी समाज के लोगों का आशीर्वाद भाजपा को चाहिए। आप सभी लोग देश को विकसित बनाने और भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा को वोट दें। सिंधिया ने कहा कि लोधी समाज के बलिदान, शौर्य और पराक्रम को समाज के सामने नहीं लाने वाली कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने के लिए आप सभी भाजपा को अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना क्षेत्र को देशभर में पहचान दिलाई -प्रहलाद पटेल

लोधी समाज की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आज गुना का कोई व्यक्ति देश में कहीं जाता है तो उसे बहुत सम्मान मिलता है। जब यहां के व्यक्ति बताते हैं कि मैं गुना क्षेत्र का रहने वाला हूं तो लोग कहते हैं कि अच्छा आप ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के क्षेत्र से हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने गुना लोकसभा क्षेत्र को देश भर में पहचान दिलाई है। सिंधिया ने इसे लोकसभा क्षेत्र नहीं अपना परिवार मानकर कार्य किया है, वर्तमान में कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। सिंधिया ने गुना क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने के साथ शिक्षा स्वास्थ्य और सिंचाई के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। पटेल ने केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग सहित अन्य समाजवर्ग के लिए चलाई जा रही कल्याणकारीयोजनाओं की जानकारी देने के साथ ही सिंधिया को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

# कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक का खतरा!

## ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना, भारत में इसी फॉर्मूले से बनी कोविशील्ड के 175 करोड़ डोज लगे

आर.एन.एस.

**लंदन।** ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि, ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है।

ब्रिटिश मीडिया टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका पर आरोप है कि उनकी वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उनकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी ञ्ज्ञञ्जस् हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। अप्रैल 2021 में जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने यह वैक्सीन लगवाई थी। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। शरीर में खून के थक्के बनने का सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ा। इसके अलावा स्कॉट के ब्रेन में इंटर्नल ब्लीडिंग भी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनकी पत्नी से कहा था कि वो स्कॉट को नहीं बचा पाएंगे।

खास बात यह है कि इस वैक्सीन का इस्तेमाल अब ब्रिटेन में नहीं हो रहा है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने इस वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। इसके बाद यह सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरी किसी वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे।

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 9 नक्सली मारे गए

## मरने वालों में 3 महिलाएं भी, हथियार और विस्फोटक बरामद

आर.एन.एस.



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गए। इनमें 3 महिला माओवादी हैं। इन सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटनास्थल से एक एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के बाद सर्चिंग की जा रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर सोमवार देर रात जवान सर्चिंग पर निकल गए थे। जवान मंगलवार की सुबह जब इस इलाके में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए। पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मताबिक यहां पर माओवादियों के बड़े कैडर्स मौजूद थे।

# मेधावी विद्यार्थी अन्य विद्यार्थियों के लिए ब्राण्ड एम्बेसडरः कलेक्टर

## – पढ़ाई के लिए की गई मेहनत जीवन का आधार

### – मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

### – कलेक्ट्रेट कार्यालय में कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं व बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** पढ़ाई के लिए की गई मेहनत कभी बेकार नही जाती। पढ़ाई जीवन का आधार है। पढ़ाई में लगन और समर्पण से विद्यार्थी अपना मुकाम हासिल कर सकते है। पढ़ाई के लिए की गई मेहनत परीक्षा के परिणाम से परिलक्षित होती है। हर दिन कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। गाँव का एक भी बच्चा उच्च शैक्षणिक पायदान तय करता है, तो वह ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में दूसरों के लिए प्रेरणादायी होता है। उक्ताशय के विचार कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. धुर्वे, जनजातीय व शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारी, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक, शैक्षणिक संस्थानों के संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

इस अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी शिक्षा अध्ययन में कोई कोर कसर न छोड़ें। विद्यार्थी पढ़ाई और पढ़ाई के मूलमंत्र को अपनाकर अपने भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से गांव, नगर व जिला गौरान्वित होता है तथा विद्यार्थी के अभिभावक, माता-पिता व शिक्षक भी गौरान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने कैरियर को बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें मोटीवेट करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर सर के मार्गदर्शन में विद्यार्थी मोटीवेट होकर और बेहतर प्रदर्शन के लिए तत्पर होंगे।

इस अवसर पर कक्षा पांचवीं के 10, कक्षा आठवीं के दस, कक्षा दसवीं के 4 व कक्षा बारहवीं के 9 मेधावी विद्यार्थियों तथा उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्यों को पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं मेडल पहनाकर कलेक्टर, जिप. सीईओ, जिला षिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया।

# मैदानी अमले से सामंजस्य बनाकर योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन : कलेक्टर

### - बच्चों के भोजन में गड़बड़ी करने वाले समूहों पर करें सख्त कार्यवाही

### - आंगनबाड़ी की कमियों को दूर कर उनकी उपयोगिता बढ़ाएं

### - कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मैदानी अमले के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए कार्य करें। इसके लिए आंगनबाड़ी, स्कूल एवं गांवों में सर्वे कर हितग्राहियों का चिन्हांकन करें, जिससे गंभीर बच्चों का बेहतर इलाज किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चा छुटने ना पाए इसका विशेष ध्यान रखें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर को स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को लाभ दिये जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए चिन्हांकित बच्चों का एनआरसी के माध्यम से लाभ दिलाएं। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट कार्यालय के सोन सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



बैठक में कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पोषण आहार के स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि समय-समय पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी स्व-सहायता समूह में बनने वाले नाश्ता एवं खाना की गुणवत्ता का परीक्षण करें। उन्होंने कहा की गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही एवं गड़बड़ी बरतने पर संबंधित स्व-सहायता समूह के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के खाना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित समय अनुसार संचालित हो और गाइडलाइन के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रो के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए आंगनबाड़ी केदों में बच्चों की संख्या बढ़ाने और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए जाए और सेचुरेशन मोड में काम करते हुए इसमें प्रगति लाए।

बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत, फर्श टूटने, टाइल्स टूटने की भी जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें जल्द मरम्मत करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि आंगनबाड़ी केंद्रों का राजस्व एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे वहां किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना मिले। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी की कमियों को दूर कर आंगनबाड़ी की उपयोगिता बढ़ाएं।

बैठक में कलेक्टर ने पूरक पोषण आहार, मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराए गए बच्चों, अति कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों सहित विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पाया गया की लाडली लक्ष्मी योजना एवं कुपोषित बच्चों की स्थिति कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ में संतोषजनक नहीं है। जिस पर कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति में सुधार व प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रिक्त पदों के स्थिति के संबंध में भी समीक्षा की। जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में 13 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 18 सहायक के पद रिक्त हैं। जिस पर कलेक्टर ने अनुभाग स्तरीय बैठक आयोजित कर शीघ्र विज्ञप्ति जारी कर पद भरने की कार्यवाही के निर्देश दिए।

# अंतर्विभागीय व्यवसायिक समन्वयः एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण हेतु आशा की किरण

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल ज़ोन डी.सी. सागर द्वारा जिला शहडोल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत पंजीबद्ध अपराधों की समीक्षा बैठक निम्नलिखित बिन्दुओं पर की गई-

1. विवेचना से संबंधित अभियोजन की विधिक राय
2. अपराध के पीड़ितों का राहत प्रकरण
3. पीड़ितों के जाति प्रमाण पत्र
4. अपराधों का विधिवत् चालान

इस समीक्षा बैठक में एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक शहडोल रेंज सविता सोहाने, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल अभिषेक दीवान, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह, डीपीओ श्यामलाल कोष्ठा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शहडोल आनन्द राय सिन्हा, जीपी. अरुण द्विवेदी, डीएसपी अजाक विकास पाण्डेय, रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र कुशवाह, थाना अजाक से सउनि रतिराम सिंह, सउनि जगन्नाथ सिंह मार्को, प्र0आर0 जानकी प्रसाद चतुर्वेदी, महिला प्र0आर0 खेम सोनवानी, प्र0आर0 रविकांत यादव, प्र0आर0 राजेन्द्र सिंह परिहार, प्र0आर0 प्रशान्त कुमार सोनी, आर0 कमलेश कुर्मी, रामकिशोर सिहं, महिला थाना शहडोल से आकाश सिंह, भारत सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी के साथ उक्त बिन्दुओं पर चर्चा कर निम्?नलिखित निर्देश दिए गए:-



1. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत अपराध कायमी के तुरंत बाद एफआईआर की सूचना संबंधित विभागों को दी जाये और इसकी प्रतिलिपि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी जाये ताकि संबंधित विभागों द्वारा प्रकरण में समुचित कार्यवाही शीघ्र की जा सके। साथ ही अंतर्विभागीय समन्वय बना रहे।

2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अपराध के कायमी की सूचना प्राप्त होने पर, फरियादी का जाति प्रमाण पत्र न होने पर राजस्व विभाग द्वारा शीघ्र जाति प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित आवश्यक कार्यवाही की जाये जिससे आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा पीड़ित को विधिवत् राहत राशि का भुगतान शीघ्र किया जा सके।

3. पुलिस अधिकारियों द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पीड़ितों के लिए निर्धारित राहत राशि के प्रकरण नियमानुसार शीघ्र आदिम जाति कल्याण विभाग को भेजे जायें जिससे पीड़ितों को राहत राशि समय पर प्राप्त हो सके।

4. पुलिस द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में विवेचना के दौरान अभियोजन शाखा से प्रकरणों की स्क्रूटनी करवायें और स्क्रूटनी की तामीली को विवेचना का हिस्सा बनायें ताकि विवेचना में वैज्ञानिक/फोरेंसिक साक्ष्य संकलन, परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं साक्षियों के कथन व्यवसायिक दृष्टि से सुसंगत हो सकें।

5. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के लंबित अपराधों की विवेचना पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी के अनुसार सुनिश्चित करें।

6. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में अंतर्विभागीय व्यवसायिक समन्वय के लिए पुलिस, अभियोजन, राजस्व एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों का व्हॉट्सअप ग्रुप भी बनाया गया, जिससे सभी विभागीय अधिकारी आपस में सम्पर्क में रहकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरण संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान कर सकें।

अंतर्विभागीय व्यवसायिक समन्वय के लिए डीसी सागर द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित प्रकरणों में कार्यरत सभी उपस्थित अधिकारियों में एक नवीन प्रेरणा का संचार निम्नलिखित पंक्तियों के माध्यम से कियाः

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

# 'करण वी. ग्रोवर एक मानव सर्च इंजन हैं, उनके पास हर सवाल का जवाब है': अनुज सचदेवा

सोनी सब का 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' 17वीं और 21वीं सदी की पृष्ठभूमि पर आधारित प्यार और समय यात्रा की दिलचस्प कहानी है। हालिया एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि तारा (रिया शर्मा) ने महल में पानी की बर्बादी को बंद करके जल संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों की मदद की। इस बीच, सूर्यप्रताप (करण वी. ग्रोवर), तारा के प्रयासों को बर्बाद करने की कोशिश करता है, जबकि उसका भाई मान सिंह (अनुज सचदेवा) महल में लगे जल प्रतिबंध को लेकर चिंतित है।

ऑन-स्क्रीन ड्रामा के बावजूद, जहां मान सिंह हमेशा सूर्य प्रताप को सिंहासन से हटाने के अवसर की तलाश में रहता है, अनुज सचदेवा, करण वी. ग्रोवर और रिया शर्मा के बीच ऑफस्क्रीन दोस्ती शानदार है, और शॉट्स के बीच एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा समय बिताते हैं। शूटिंग के अलावा, करण और अनुज को राजनीति, अभिनय, फाइनांस, आध्यात्मिकता और फिटनेस पर चर्चा करने का शौक है, और वे चर्चा करते हुए अपने विचारों में समान आधार खोजते हैं। सिनेमा को लेकर उनकी साझा समझ उनकी दोस्ती को और मजबूत करती है। इसके अलावा, उन्हें सेट पर रिया को चिढ़ाना और उसके मज़ेदार कमबैक का आनंद लेना पसंद है।

मान सिंह की भूमिका निभाने वाले अनुज सचदेवा ने कहा, 'मैं करण को ध्रुव तारा के पहले से जानता हूं, और मुझे कहना होगा, करण जैसे व्यक्ति से कनेक्ट कर पाना आसान काम नहीं है। वे बहुत मुखर हैं, जो हो सकता है कि कुछ लोगों को पहली नज़र में अच्छा न लगे। लेकिन जब हम सेट पर बात करने लगे, तो मुझे एहसास हुआ कि करण जितना दिखते हैं, उनमें उससे ज्यादा गहराई है। करण एक मानव सर्च इंजन हैं, उनके पास हर सवाल का जवाब है। हम सिनेमा के प्रति अपने प्यार से और अभिनय कौशल का विश्लेषण करके एक-दूसरे से कनेक्ट करते हैं। करण सिर्फ मज़ाकिया ही नहीं हैं, वे विचित्र सोशल मीडिया कैप्शन के लिए भी पसंदीदा व्यक्ति हैं! सेट पर उनके गंभीर व्यवहार के बावजूद, उनके साथ काम करना हमेशा मज़ेदार होता है।'

महाराजा सूर्यप्रताप की भूमिका निभाने वाले करव वी. ग्रोवर ने कहा, 'ध्रुव तारा में अनुज सचदेवा के साथ काम करने का अनुभव बेहद आनंददायक रहा है। राजनीति



और अभिनय संबंधी बातों पर चर्चा करने से लेकर धन और आध्यात्मिकता के बारे में बातचीत करने तक, हम ऑफस्क्रीन बहुत कुछ साझा करते हैं। हमारा समान सेंस ऑफ ह्यूमर असली बोनस है, यह सेट पर हंसी का माहौल बनाए रखता है। और फिटनेस के प्रति हमारा साझा दृष्टिकोण हमारे तालमेल को और भी बढ़ाता है। अपने सह-कलाकार के साथ ऐसा मजबूत बंधन बनाना लाजवाब है, इससे हमारा काम न केवल आनंददायक, बल्कि अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक भी बन जाता है।'

**इंस्टाग्राम लिंकः**
https://www.instagram.com/reel/CwCJuvCKjaR/?igsh=cmUvbW&vdHRoMwVk

'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' देखते रहें, हर सोमवार से शनिवार रात 8:00 बजे केवल सोनी सब पर

# एक से बढ़कर एक बॉलीवुड क्लासिक्स की पेशकश के साथ सोनी मैक्स 2 ने पूरा किया एक दशक का सफर

सोनी मैक्स 2 ऐसा चैनल है, जो हमें भारतीय सिनेमा के उस सुनहरे युग में ले जाता है, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्में शामिल हैं। वो फिल्में, जिन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी जैसे कई अन्य सितारों को वास्तव में सितारा बनाया। ये 'सदाबहार फिल्में' समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं, जिन्हें विभिन्न पीढ़ियों द्वारा पसंद किया जाता रहा है। इनमें से प्रत्येक सदाबहार फिल्म को चैनल सिनेमा प्रेमियों के जुनून को पूरा करने के उद्देश्य से सावधानीपूर्वक चयनित और क्यूरेट करता है।

ये फिल्में अपनी सदाबहार धुनों और रोमांटिक कहानियों के साथ हमारे दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। चाहे वह 'सूर्यवंशम' का सदाबहार आकर्षण हो या फिर, 'शान', 'सत्ते पे सत्ता', 'सड़क', और 'मिस्टर नटवरलाल' जैसी प्रतिष्ठित क्लासिक्स, सोनी मैक्स 2 को प्रत्येक फिल्म प्रेमी के लिए सिनेमाई रत्नों के खजाने की पेशकश करने के लिए जाना जाता है।

जैसा कि सोनी मैक्स 2 दर्शकों के मनोरंजन के एक दशक के सफर का जश्न मना रहा है, ऐसे में प्रमुख बॉलीवुड और टेलीविजन अभिनेताओं ने इस उपलब्धि और हिंदी सिनेमा के प्रति उनके स्थायी प्रेम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं।



महेश ठाकुर, जो वर्तमान में सोनी सब के आंगन आपनो का में नजर आ रहे हैं और कई बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर्स का हिस्सा रह चुके हैं, ने कहा, 'सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बधाई! चैनल पर फिल्में देखने की मेरी बहुत सारी यादें हैं, लेकिन दो फिल्में जो वास्तव में पुरानी यादें ताजा कर देती हैं, वे हैं 'सीता और गीता' एवं 'सूर्यवंशम'। मैंने अपने परिवार के साथ ये दोनों फिल्में कई बार देखी हैं। इन फिल्मों का हर एक गाना और सीन जैसे मेरे दिमाग में हमेशा के लिए बस गए हैं।'

अंजलि तत्रारी, जो सोनी सब के वंशज में युविका का किरदार निभा रही हैं, सोनी मैक्स 2 पर इन प्रतिष्ठित फिल्मों को देखने की अपनी यादें साझा करते हुए, कहती हैं, 'सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बहुत-बहुत बधाई! मेरे पास इस चैनल पर फिल्में देखने की बहुत सारी यादें हैं, खासकर गर्मियों की छुट्टियों और सप्ताहांत के दौरान। यह मेरे परिवार के लिए एक साथ जुड़ने के सबसे शानदार तरीकों में से एक हुआ करता था। विश्वास नहीं हो रहा कि इसे 10 वर्ष पूरे हो गए! सोनी मैक्स 2 को आने वाले कई और वर्षों की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ।'

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के 'मेहंदी वाले घर' के करण मेहरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'एक कलाकार और एक दर्शक के रूप में, मैं ऐसे कॉन्टेंट की तलाश करता हूँ, जो मुझे मनोरंजित और रोमांचित करे। मुझे सदाबहार क्लासिक फिल्में देखना बहुत पसंद है, जैसे सत्ते पे सत्ता और याराना। ये फिल्में मेरे दिल के करीब हैं और मैं इन्हें बार-बार देख सकता हूँ। मुझे खुशी है कि सोनी मैक्स 2 इन फिल्मों को टेलीविज़न पर ला रहा है, ताकि युवा पीढ़ी भी समय-समय पर इन शानदार फिल्मों का लुत्फ उठा सके। चैनल को 10 वर्ष पूरे करने की बधाई और टेलीविजन पर आने वाली अन्य कई यादगार फिल्मों के लिए भी शुभकामनाएँ, जिनका आप अपने पूरे परिवार के साथ आनंद ले सकते हैं!'

विभा छिब्बर एक अनुभवी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने कई फिल्मों, टेलीविज़न शो और थिएटर में काम किया है और वर्तमान में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के 'मेहंदी वाला घर' में भी नजर आ रही हैं। वे कहती हैं, 'जब भी मुझे शूटिंग से थोड़ा समय मिलता है, तो मुझे अपने बच्चों के साथ घर पर समय बिताना और साथ में टेलीविज़न पर हिंदी फिल्म देखना अच्छा लगता है। मैं खुश हूँ कि सोनी मैक्स 2 जैसे चैनल मुझे सीता और गीता या आतिश जैसी पुरानी बॉलीवुड क्लासिक्स और ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से देखने का मौका देते हैं। मुझे टेलीविज़न पर फिल्मों का आनंद लेना अच्छा लगता है और सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने व टेलीविज़न पर खुशियों और यादों से भरपूर फिल्में देखने के अनुभव के साथ परिवार को एकजुट करने के लिए बधाई देती हूँ।'

# नगर परिषद झुण्डपुरा में ट्रेक्टर रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिये किया जागरूक

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में नगर परिषद झुण्डपुरा में मंगलवार को स्वीप गतिविधियोंके तहत ट्रेक्टर रेली निकालकर मतदाताओं को 07 मई को मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया। यह ट्रेक्टर रेली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यालय पर समापन हुई। सीएमओ सहित निकाय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। रैली के दौरान ट्रेक्टर रेली, मोटर साइकिल रेली का सामूहिक आयोजन किया गया।

## प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**मुरैना।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार मुरैना जिले में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रचार रथ के माध्यम से मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों से आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश 01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिये आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। खेलवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 है।अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है।

संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी, प्रशिक्षण केन्द्र, फीडर सेंटर, भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेल छात्रावास के अन्तर्गत प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। विभागीय प्रोत्साहन नियम-2019 अनुसार 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित है। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिये आवेदन 31 मई, 2024 तक स्वीकार किए जायेगें। खेलवृत्ति के लिये आवेदन संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। 31 मई 2024 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं कियाजायेगा। खेलवृत्ति के लिये निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईटपर प्राप्त कर सकते हैं।

# शासकीय कलापथक दल ने स्वीप गतिविधियों के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुरैना जिले में स्वीप की गतिविधियां संचालित की जा रही है। 30 अप्रैल, मंगलवार को एक स्कूल में शासकीय कलापथक दल मुरैना ने स्वीप गतिविधियों के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बताया गया कि मतदान के अपने अमूल्य अधिकार का प्रयोग करके सामूहिक अभिव्यक्ति और सशक्तिकरण के इस उत्सव में हमारे साथ शामिल हों। मतदान करें और करवाऐं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत और लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग प्रतिज्ञा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जाकिर हुसैन प्रमुख कलाकार ने किया।

# मोहना में हुये अंधेकत्ल का पुलिस ने किया खुलासा

### – नौकर ने की थी मालिक की हत्या

**ग्वालियर।** मोहना थाना क्षेत्र में बीडी सिगरेट की दुकान और धुलाई सेंटर के संचालक की रोड मारकर की गई हत्या की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक की हत्या उसकी दुकान पर काम करने वाले आदिवासी युवक ने की थी। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि दुकान संचालक उससे जबरदस्ती बंधुआ मजदूर बनाकर उससे काम करा रहा था। जिस कारण उसने उसकी हत्या की थी।

थाना प्रभारी मोहना राशिद खान ने बताया कि 30 अप्रैल को मोहना थाना क्षेत्र में बीड़ी पुडिया सिगरेट की स्टॉल लगाकर व वाहनों की धुलाई करने वाले आमिर खान की उसी की दुकान के अंदर उसके सिर में लोहे की रॉड़ मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर जब हत्यारोपी की तलाश शुरू की और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तो पुलिस को पता चला कि आमिर की हत्या उसकी दुकान पर काम करने वाले नौकर ने की है। पुलिस ने जब संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम वीरन आदिवासी पुत्र बलवीर आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम रामपुरा पोस्ट अकाझिरी थाना रन्नौद जिला शिवपुरी का रहने वाला बताया। पकड़े गये संदिग्ध ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मृतक आमिर खान व उसके मित्र इमरान खान उसे बंधुआ मजदूर बनाकर उससे जबरन काम करवा रहे थे, जिससे वह परेशान हो गया था फिर उसके द्वारा आमिर खान के सिर में सब्बल मारकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद हत्यारोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद घटना के समय पहनी हुई शर्ट जिसमें मृतक का खून लगा है जब्त कर ली है। पुलिस हत्या आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# सिरफिरे बदमाशों ने अंबेडकर प्रतिमा की क्षतिग्रस्त, तनाव फैला

**ग्वालियर।** सिरफिरे बदमाशों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना भितरवार थाना क्षेत्र के चरखा की है। प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने का पता चलते ही घटना का पता चलते ही स्थानीय लोग इकटठा हो गये और तनाव का माहौल बन गया। मामले का पता चलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम चरखा में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने पर हंगामा हो गया। बताया जाता है कि अज्ञात शरारतीतत्वों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसका पता चलते ही स्थानीय लोग इकटठा हो गये और तनाव का माहौल बन गया। मामले का पता चलते ही पुलिस अफसर और प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। बताया गया है कि इससे पहले भी प्रतिमा क्षतिग्रस्त हुई है और दो पक्षों में तनाव को देखते हुए यहां पर एक चार का गार्ड लगाया हुआ है। पुलिस अफसरों का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है और घटना को अंजाम देने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों की भी जांच की जा रही है। अगर उनकी भूमिका गलत पाई गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# मां के दोस्त ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा

**ग्वालियर।** मां के दोस्त ने सत्रह वर्षीय किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वारदात महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डांग गुठीना की है। वारदात के बाद भी आरोपी धमकाकर किशोरी का शोषण कर रहा था। शोषण से परेशान किशोरी थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की।

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डांग गुठीना निवासी सत्रह वर्षीय किशोरी छात्रा है। छात्रा मां व भाई के साथ रहती है। उसके पिता का देहांत हो गया है और मां एक निजी कंपनी में काम करती है। उसकी मां के साथ ही कंपनी में मंतोष सिह यादव निवासी बिहार भी नौकरी करता है। मां से दोस्ती होने के कारण मंतोष का उनके घर पर आना जाना है। बीती 17 मार्च की सुबह उसकी मां ड्यूटी चली गई थी और कुछ देर बाद भाई कोचिंग पर पढने के लिए चला गया था। भाई के जाने के बाद मंतोष सिंह उसके घर पर आया और छात्रा को अकेला देखकर उसे जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और उसके बाद भी उसे धमकाकर शोषण कर रहा था। आरोपी के द्वारा किए जा रहे शोषण से किशोरी परेशान हो गई और कई बार विरोध करने पर भी जब वह नहीं माना तो पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पीडिता ने बताया कि जब भी वह विरोध करती तो आरोपी उसके भाई को जान से खत्म करने की धमकी देता था और एक माह से उसकी हैवानियत से वह तिल-तिल मर रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर

**ग्वालियर।** शराब की खेप लेकर आया एक तस्कर विश्वविद्यालय थाना पुलिस को रॉयल इन्क्लेव के पास के पकड़ा है। पुलिस ने तस्कर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पकड़े गए तस्कर की पहचान छत्र सिंह परिहार पुत्र हरिज्ञान सिह परिहार निवासी लाल मल्टी के पास के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे 109 क्वॉर्टर शराब बरामद की है।

# राजस्व निरीक्षक पटवर्धन निलंबित

**ग्वालियर।** मतदान दलों के प्रशिक्षण में शामिल न होना राजस्व निरीक्षक अजय पटवर्धन को भारी पड़ा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय में पदस्थ राजस्व निरीक्षक अजय पटवर्धन की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगाई गई थी। उन्हें गत 20 अप्रैल को मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण में शामिल होना था, पर वे प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए और न ही अनुपस्थित रहने की कोई सूचना दी। इस संबंध में उन्हें विधिवत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसका उन्होंने उत्तर भी प्रस्तुत नहीं किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राजस्व निरीक्षक पटवर्धन को निलंबित कर दिया है। निलंबल अवधि में उनका मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# महिला को प्रेमी ने दिया धोखा तो प्रेमिका ने दी जान

**ग्वालियर।** शादीशुदा महिला को प्रेम जाल में फंसाकर प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसका तलाक करा दिया। तलाक होते ही महिला मित्र ने शादी को कहा तो वह आजकल की कहकर टरकाने लगा और जब पीडिता ने दबाव बनाने के लिए पंचायत जोड़ी तो वह पंचायत में अपने वादे से मुकर गया तो पीडिता ने इससे दुखी होकर जहर खाकर जान दे दी। घटना पड़ाव थाना क्षेत्र के फूलबाग की है। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है।

न्यू सरस्वती कॉलोनी तिघरा रोड निवासी 30 वर्षीय नैनी ने फूलबाग में जहर खा लिया था। महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। महिला की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम कराया। जिसमें उसकी मौत जहर खाने से होना पता चली।

पुलिस ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि मृतिका की शादी दो साल पहले हुई थी और नवविवाहिता होने के चलते मामले की जांच सीएसपी इंदरगंज अशोक जादौन को सौंपी गई। पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि मृतिका की शादी के एक साल बाद ही पति पत्नी के बीच विवाद होने लगा और नैनी पिता के पास आकर रहने लगी। इसके बाद तिघरा रोड स्थित सत्संग स्थल पर उसकी दोस्ती नरेन्द्र कुशवाह से हुई और वह एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। इसी बीच नरेन्द्र ने नैनी से कहा कि अगर वह अपने पति से तलाक ले ले तो वह उससे शादी कर लेगा। उसकी बातों में आकर नैनी ने पति से तलाक ले लिया और वह उससे शादी की बोलती तो वह टालता रहा।

उसके लगातार बदल रहे वादों से परेशान होकर नैनी ने फूलबाग स्थित अंबेडकर पार्क में पंचायत का आयोजन किया और इसमें समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को बुलाया। यहां पर नरेन्द्र ने साफशब्दों में शादी से इनकार कर दिया और इसके कुछ ही देर बाद नैनी ने जहर गटक लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# दो हजार का इनामी लुटेरा गोहद से पकड़ा

**ग्वालियर।** छात्रा से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो हजार रुपए के इनामी लुटेरे को महाराजपुरा थाना पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर गोहद से दबोचा है। आरोपी कई माह से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस ने लुटेरे को हिरासत में लेकर ग्वालियर आ गई है और पूछताछ शुरू कर दी है। महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि कुछ माह पूर्व एक छात्रा से लूट की वारदात घटी थी। मामले की जांच की तो पता चला कि वारदात को गोहद निवासी राज उर्फराजा गुर्जरने अंजाम दिया था। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में लगी थी और कई बार दबिश देने के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। बीते रोज पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर आया है और इसका पता चलते ही पुलिस टीम को उसे दबोचने के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश दी और उसे सोते में ही दबोच लिया। पुलिस अफसरों की माने तो पकड़े गए लुटेरे से पूछताछ के बाद कुछ अन्य घटनाओं का खुलासा हो सकता है।

# यूपी से गांजा लेकर आया तस्कर पकड़ा

**ग्वालियर।** गांजा लेकर आए एक तस्कर को कंपू थाना पुलिस ने कैंसर पहाडिया स्थित दरगाह के पास से दबोचा है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस ने साढ़े आठ किलो के लगभग गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा जब्त होते ही तस्कर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अफसरों की मानें तो पकड़े गए तस्कर से पूछताछ के बाद कुछ अन्य आरोपी भी हाथ आ सकते हैं। पकड़े गए तस्कर से बरामद गांजे की कीमत करीब सवा लाख के करीब बताई गई है।

कंपू थाना प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक तस्कर गांजे की खेप लेकर कैंसर पहाड़ी के पास आने वाला है। इसका



पता चलते ही पुलिस जवानों को सूचना की तस्दीक के लिए रवाना किया। पुलिस टीम जब कैंसर पहाड़ी स्थित करीम उद्दीन चिस्ती की दरगाह पर पहुंची तो एक युवक दिखाई दिया जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। शंका होने पर उसका पीछा किया और उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने पुलिस से डरकर भागना बताया। जब पुलिस उसे थाने लेकर आई और पूछताछ की तो उसने बताया कि वह गांजा खपाने के लिए आया था। इसका पता चलते ही पुलिस उसे वापस कैंसर पहाडिया लेकर आई और उसकी निशानदेही पर झाडियों में छिपा हुआ गांजा बरामद कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका नाम उमाशंकर जाटव पुत्र रामप्रसाद जाटव निवासी अलीगढ़ यूपी है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह गांजा कहां से लेकर आता है और यहां पर किसे खपाता है, जिससे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सके।

### रास्ता भटकी बच्चियां, पुलिस ने सौंपी परिजनों को

**ग्वालियर।** घर से खेलने निकली तीन बच्चियां रास्ता भटक गई और घर का रास्ता भूलने पर रोने लगी। बच्चियों को रोते देखकर वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 100 मौके पर तैनात आरक्षक मुकेश तोमर व पायलट विशाल श्रीवास मौके पर पहुंचे और बच्चियों को उनके परिजनों को सौपा है। बच्चियों को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस कर्मियों का धन्यवाद दिया है। बच्चियां छोटी थी और पता बताने में असमर्थ थी। जिसके बाद एफआरवी स्टॉफ ने उनको वाहन में बिठाया और गली-गली मौहल्ले पहुंचे, तब एक घंटे की मशक्कत के बाद उनका पता चला।

# घर में सो रहे थे पुलिस पहुंची दरवाजे पर तो पहुंचे हवालात

**ग्वालियर।** 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है और बदमाशों की नाक में नकेल कसने और पुलिस के लिए चुनौती बने बदमाशों के खिलाफ बीती रात पुलिस ने कॉम्बिग गश्त किया। काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 222 बदमाशों को पकड़कर हवालत पहुंचाया है। काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 355 बदमाशों को चैक किया। जिस समय पुलिस ने अपना ऑपरेशन शुरू किया, बदमाश गहरी नींद में थे और पुलिस को दरवाजे पर खड़ा देखकर बदमाशों की हवा निकल गई। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों, बदमाशों को हिरसत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आम आदमी चैन से रहे और 7 मई



को होने वाले लोकसभा चुनाव में निर्भिक होकर मतदान कर सकें। इसके लिए पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। बीती रात पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान 222 बदमाश दबोचे है और यह बदमाश काफी समय से पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 355 बदमाशों को चैक किया और 130 स्थाई व 92 गिरफ्तारी वारंटियों सहित 222 वारंटियों को गिरफ्तार कर दाखिल ए हवालात किया है। पुलिस ने काम्बिंग गश्त के दौरान हिस्ट्रीशीटर व जिला बदर बदमाश चैक किए है। इसके साथ ही पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले 20 तस्कर, दो अवैध हथियार लेकर घूम रहे बदमाशों, सटटा खिला रहे तीन सटोरिये, एनडीपीएस एक्ट में एक बदमाश को पकड़ा है। देर रात पुलिस कप्तान कॉम्बिंग गश्त में आए तो पुलिस एक्शन मोड में आ गई और ताबड़तोड़ कार्रवाई की।

# भाजपा नेता डा. रायजादा की जेब कटी, नगदी समेत आधार-पेनकार्ड चोरी

**ग्वालियर।** पूर्व सीएम शिवराज सिंह के रोड शो के दौरान स्वागत करने के लिए आए भाजपा नेता की जेब अज्ञात जेबकट तराश गया। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के कोटेश्वर मंदिर के पास गंगामाई मंदिर के सामने की है। घटना का पता चलते ही पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात जेबकट के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रामबाग कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय डा. राकेश रायजादा पुत्र आरसी रायजादा भाजपा नेता है। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रोड शो था तो वह भी उनका स्वागत करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गंगामाई मंदिर के सामने पहुंचे थे। जब वह स्वागत कर रहे थे इसी बीच अज्ञात चोर उनकी जेब तराश गया। घटना का पता उस समय चला जब वह स्वागत कर बाहर निकले तो जेब कटने का पता चला। इसका पता चलते ही वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पीडित ने बताया कि जेबकट उनकी जेब में रखे 27 हजार रुपए के साथ ही आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज चोरी कर ले गए।

# मतदान दल को सिखाई दो बैलेट यूनिट से मतदान कराने की बारीकियाँ

**ग्वालियर।** एक कंट्रोल यूनिट में दो बैलेट यूनिट जोड़कर ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) से मतदान कराने की बारीकियाँ मतदान दलों ने विस्तारपूर्वक और व्यवहारिक रूप से सीखीं। मंगलवार 30 अप्रैल से यहाँ आईआईटीटीएम (भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान) में शुरू हुए मतदान दलों के फायनल प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डबल बैलेट यूनिट से मतदान कराने की बारीकियाँ सिखाई गईं। मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण में प्रत्येक दल में शामिल सभी अधिकारियों ने एक साथ बैठकर प्रशिक्षण लिया। यह प्रशिक्षण 2 मई तक प्रतिदिन तीन पालियों में जारी रहेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने आईआईटीटीएम पहुँचकर प्रशिक्षण कार्य एवं ईडीसी (निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र) वितरण के लिए विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए सुविधा



केन्द्रों का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने प्रशिक्षण लेने आए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि आईआईटीटीएम में स्थापित किए गए सुविधा केन्द्र में पहुँचकर अपना ईडीसी अवश्य प्राप्त कर लें, जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि मतदान दलों में शामिल कोई भी शासकीय सेवक बिना ईडीसी के नहीं रहना चाहिए।

ज्ञात हो मतदान दलों में शामिल जिन शासकीय सेवकों का नाम ग्वालियर जिले की मतदाता सूची में है वे मतदान दिवस को ईडीसी के आधार पर अपना वोट डाल सकेंगे। प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एस बी ओझा ने बताया कि ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में शामिल जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1680 मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने के लिए कुल 1848 मतदान दलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें 168 रिजर्व मतदान केन्द्र शामिल हैं। कुल मिलाकर 7300 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण लेने वालों में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र.-1, 2 व 3 शामिल हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन की पहली दो पालियों में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण व तीसरी पाली में ग्वालियर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कुछ मतदान दलों को प्रशिक्षित किया गया।

### चाकू सहित बदमाश मिला


**ग्वालियर।** वारदात को अंजाम देने के लिए चाकू लेकर घूम रहे एक बदमाश को इंदरगंज थाना पुलिस ने गेंडे वाली सड़क से पकड़ा है। पकड़े गए बदमाश से चाकू बरामद कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पकड़े गए बदमाश की पहचान सनी उर्फमनोज उर्फचिंपी पुत्र वंशी कुशवाह निवासी इंदरगंज के रूप में हुई है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**ग्वालियर।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक की है। घटना का पता उस समय चला जब रेलवे स्टॉफ यहां से गुजरा तो अप ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है, फिलहाल इसका पता नहीं चला है। पुरानी छावनी थाना पुलिस ने बतया कि बीती रात स्टेशन मास्टर हेमंत भटनागर ने सूचना दी कि एक युवक का शव अप ट्रैक पर पड़ हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो पता चला कि मृतक की उम्र करीब 28 से 30 साल के बीच में है और उसने पेंट शर्ट पहनी हुई है। युवक ने सुसाइड की या फिर वह हादसे का शिकार हुआ है, इसका पता नहीं चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्ती के प्रयास शुरू कर दिए है।

### जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क भोजन बांटा

**ग्वालियर।** व्यापार संघ थाटीपुर द्वारा माधवराव सिंधिया जिला



चिकित्सालय मुरार में प्रतिदिन नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम में मंगलवार को मुरार जिला अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर आलोक पुरोहित ने उपस्थित मरीजों के लगभग 500 परिजनों को भोजन वितरण किया। कार्यक्रम में डॉक्टर आलोक पुरोहित ने व्यापार संघ की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों के परिजनों को प्रतिदिन ताजा एवं हाइजेनिक भोजन नि:शुल्क वितरित करना प्रशंसनीय एवं पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर डॉक्टर राजेश विथरिया, विकास गुप्ता, नरेश बंसल, महेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्यापार संघ थाटीपुर के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार खंडेलवाल ने किया।

# परिचय देकर अपना जीवन साथी चुनेंगे युवक-युवती

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन का तीन



दिवसीय युवक युवती परिचय तोरण वाटिका में होगा। यह 113वां आयोजन होगा, इसमें देश के अनेकों शहरों के अग्रबंधु ग्वालियर आकर अपने बच्चों के रिश्ते तलाश कर सकेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने बताया कि अभी तक 435 युवक युवतियों के पंजीयन हो चुके हैं। युवक युवतियों का मंच पर परिचय श्रीमती नीलम शाह, विनीता तायल, रचना लोहिया, ललिता बंसल ज्योति अग्रवाल करेंगी। परिचय सम्मेलन 20 मई से प्रारंभ होकर 22 मई तक चलेगा। श्री ऐरन ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए बायोडाटायो को एकत्रित कर परिचय पत्रिका भी बनेगी, विवाह योग्य युवतियों का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वागत अध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, स्वागत सचिव दिलीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनिल गर्ग, मुकेश सिंघल, श्रीमती मीनाक्षी गोयल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्रीमती बबीता अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री, पूनम अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, श्रीमती रश्मि अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, पदमा अग्रवाल, शशि गर्ग, रेनू अग्रवाल साधना गोयल, रजनी अग्रवाल आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की हैं।

# ग्वालियर स्टेशन पर संरक्षा सेमिनार आयोजित

**ग्वालिर।** ग्वालियर स्टेशन के कोचिंग डिपो में मंगलवार को संरक्षा



सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार मंडल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

संरक्षा अभियान के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समझाया गया। सेमिनार में विद्युत, परिचालन, सिग्नल तथा संरक्षा विभाग के 45 कर्मचारियों ने भाग लिया। संरक्षा बैठक के दौरान हॉट एक्सल की पहचान एवं मिलने पर कार्यवाही, ड्यूटी के दौरान ट्रैक के बगल की झाड़ियो में आग लगने तथा मालगाड़ी के वैगन में धुँआ आग लगने पर लोको पायलट द्वारा की जानी वाली कार्यवाही, सिग्नल पास एट डेंजर का कारण एवं बचाने का तरीका, दुर्घटना होने पर वगल वाली लाइन का बचाव करना, आग क्या है तथा कितने प्रकार की होती है इंजन तथा गाड़ी में आग लगने पर क्या कार्यवाही करेंगे, स्टॉप सिगनल का अचानक लाल होने पर लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, कैटल रन ओवर के दौरान इंजन को सेफ कर संचालन सहित अन्य संरक्षा सम्बंधित जानकारियों को साझा करने सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान स्टेशन मेनेजर जीएस राठौर, स्टेशन प्रबंधक शनिचरा आरके शर्मा, संरक्षा सलाहकार एके दत्ता, एसके अग्रवाल, परिचालन निरीक्षक आरके वर्मा, वरिष्ठ खंड अभियंता सिग्नल कृष्णा मोहन उपस्थित थे।

### जेयू में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**ग्वालियर।** जीवाजी यूनिवर्सिटी की पर्यटन अध्ययनशाला में मंगलवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलानुशासक डॉ. एसके सिंह द्वारा मतदान जागरूकता एवं रैगिंग रोकथाम अभियान के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें वोट डालने का अधिकार दिया है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में सहसमन्वयक डॉ. पीके जैन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे। आयोजन में समस्त लोगो को मतदान में भाग लेने के लिए शपथ दिलाई।

# पेड़ों को काटने की अनुमति शर्तों के साथ दी

**ग्वालियर।** नगर निगम के पार्क विभाग द्वारा मंयक गर्ग राइटर्स एण्ड पब्लिशर्स लि. ग्वालियर को सुरक्षा की दृष्टि से तीन पेडों को काटने की अनुमति आवश्यक शर्तों के साथ प्रदान की है।

सहायक आयुक्त मुकेश बंसल ने बताया कि श्री मंयक गर्ग, राईटर्स एण्ड पब्लिशर्स लि. ग्वालियर द्वारा सुरक्षा की दृष्टि स्वयं के निर्माणाधीन भवन के गेट के सामने स्थित 3 नग वृक्षों को काटने की अनुमति चाही गई थी। वृक्ष अधिकारी द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण कर 3 नग वृक्षों को काटने की अनुमति शर्तों के साथ दी। शर्तों के अनुसार पेडों को काटते एवं छांटते समय यदि किसी प्रकार की जनहानि एवं दुर्घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी, नगर निगम ग्वालियर इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वृक्ष को काटते अथवा छांटते समय यदि किसी भी प्रकार का जनाक्रोश या आपत्ति होती है तो अनुमति आदेश स्वतः ही निरस्त माना जाएगा। अनुमति की वैधता 45 दिवस तक मान्य होगी। 45 दिवस उपरांत अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

वृक्ष अधिकारी द्वारा आवेदन एवं फोटो के अनुसार भवन में बाधक पेड एवं शाखाओं को काटते एवं छांटने से संबंधित अनुमति दी गई है। यदि इसके अतिरिक्त किसी अन्य पेड़ की शाखा को काटते एवं छांटने का कार्य किया गया तो आवेदक के विरुद्ध मध्यप्रदेश वृक्ष परिरक्षण अधिनियम 2001 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजल एवं सीवर समस्या के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**ग्वालियर ।** शहर में पेयजल एवं सीवर व्यवस्था सुदृण बनी रहे इसके लिए निगम के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा है। इसके उपरांत भी आमजन को पेयजल एवं सीवर से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह संबंधित अधिकारियों को अवगत करा सकते हैं। इसके लिए नगर निगम द्वारा ग्वालियर विधानसभा में पेयजल एवं सीवर समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा दिए गए मोबाइल नम्बरों 9516005118, 7089003178 पर शहर के नागरिक पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्या से अवगत करा सकते हैं।

# संपादकीय

## मणिपुर में जातीय संघर्ष और बेलगाम उपद्रवी, सरकारी व्यवस्था पर सवाल



मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्त्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरुआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्त्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है।

गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।

## मुद्दाः चुनाव, मजदूर और चिलचिलाती गर्मी... असंगठित क्षेत्र सबसे अधिक असुरक्षित, मजबूत नियामक ढांचा समय की मांग

> यह जोधपुर के हीट ऐक्शन प्लान का हिस्सा है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें ठंडक बढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीकों को अपनाया गया है, जैसे खस से बने पैनल, सोलर पैनल से चलने वाले बल्ब और पंखे तथा फुहार के लिए स्प्रिंकलर। यहां पीने का पानी, प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) किट भी उपलब्ध है। ऐसे समय में जब बड़े शहरों में रहने वाले लोगों सहित ज्यादातर भारतीय परिवारों के पास हर कमरे में एयर कंडीशनर (एसी) नहीं है, जोधपुर का यह प्रयोग बेहद दिलचस्प है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दौर में अत्यधिक गर्मी, मौसम में उतार-चढ़ाव पूरे भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा है।



प्रचंड गर्मी से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर सबसे ज्यादा असुरक्षित होते हैं। लेकिन दुखद है कि लाखों भारतीयों के जीवन और आजीविका को प्रभावित करने वाला यह मुद्दा चुनावी चर्चा से बाहर है। सुरक्षा मानकों को लागू करने और श्रमिकों को मौसमी खतरों से बचाने के लिए मजबूत नियामक ढांचा जरूरी है। भीषण गर्मी से झुलसते हुए जोधपुर में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने नगर निगम के सहयोग से अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वालों के लिए एक कूलिंग स्टेशन बनाया है। इस कूलिंग स्टेशन का उद्देश्य चिलचिलाती गर्मी में शहरी गरीबों को आश्रय देना है। यह जोधपुर के हीट ऐक्शन प्लान का हिस्सा है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें ठंडक बढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीकों को अपनाया गया है, जैसे खस से बने पैनल, सोलर पैनल से चलने वाले बल्ब और पंखे तथा फुहार के लिए स्प्रिंकलर। यहां पीने का पानी, प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) किट भी उपलब्ध है। ऐसे समय में जब बड़े शहरों में रहने वाले लोगों सहित ज्यादातर भारतीय परिवारों के पास हर कमरे में एयर कंडीशनर (एसी) नहीं है, जोधपुर का यह प्रयोग बेहद दिलचस्प है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दौर में अत्यधिक गर्मी, मौसम में उतार-चढ़ाव पूरे भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा है। ज्यादातर लोग इस भीषण गर्मी में एयरकंडीशनर का इंतजाम नहीं कर सकते। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में यह अब भी चुनावी मुद्दा नहीं बन सका है, जबकि इसके प्रभाव स्पष्ट हैं। हाल में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के सहायक महानिदेशक और एशिया और प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक चिहोको असदा मियाकावा ने बताया कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों को प्रचंड गर्मी से लेकर खराब वायु गुणवत्ता तक का सामना करना पड़ता है और इसके प्रभावों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। अक्सर पर्याप्त सुरक्षा के बिना काम करते रहने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं होता, भले ही स्थितियां कितनी ही खतरनाक हों। भीषण गर्मी शायद सबसे स्पष्ट चुनौती है और इस बारे में मियाकावा ने कहा कि बढ़ते तापमान में जैसे कृषि, निर्माण, मछली पकड़ने और परिवहन जैसे बाहरी काम करने वाले श्रमिकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और लू का खतरा रहता है। यहां तक कि घर के अंदर काम करने वाले उन श्रमिकों को भी खतरा रहता है, जहां भीषण गर्मी हो और वेंटिलेशन की व्यवस्था न हो। फैक्टरियों, खाद्य प्रसंस्करण संयंत्रों, ईंट भट्ठों और गोदामों में तेज धूप के दौरान काम करना श्रमिकों के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। बेहतर नियमन, प्रवर्तन, शमन रणनीतियों, प्रशिक्षण और जागरूकता से स्थितियों में काफी बदलाव लाया जा सकता है। स्पष्ट है कि इसके लिए श्रमिकों का सशक्तीकरण जरूरी है, जो उन्हें नौकरी या मजदूरी खोने के डर के बिना प्रचंड गर्मी में काम रोकने की अनुमति प्रदान करे। लेकिन भारत जैसे देश में ऐसा कहना आसान है, करना कठिन, जहां ज्यादातर लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जिन्हें न तो रोजगार अनुबंध और न ही स्वास्थ्य संबंधी सहयोग उपलब्ध है। मियाकावा लिखते हैं कि %जलवायु परिवर्तन के कारण वायु प्रदूषण बढ़ने से श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बीजिंग, नई दिल्ली और बैंकॉक में खराब वायु गुणवत्ता दैनिक वास्तविकता है, जो प्रदूषकों के संपर्क में आने वाले श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। आदर्श रूप में इन मूल कारणों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डिलीवरी बॉय या सड़क के किनारे ठेला लगाने वाले को पूरे दिन जहरीली हवा में सांस लेना पड़ता है। इसलिए जागरूकता, रक्षा उपकरण और जहां तक संभव हो सके, काम करने के तरीके में बदलाव की आवश्यकता है, जो इसके प्रभाव को न्यूनतम कर सके। प्रचंड गर्मी और वायु प्रदूषण के अलावा, चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति एवं तीव्रता में भी बढ़ोतरी हो रही है, जो कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अतिरिक्त चुनौती पेश करती है। चक्रवात, बाढ़, सूखा, दावानल, प्राकृतिक आपदाएं कामकाज में व्यवधान पैदा करती हैं और श्रमिकों के जीवन को जोखिम में डालती हैं।

मियाकावा लिखते हैं कि आपदाओं के बाद %पहले की स्थिति की बहाली के प्रयासों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा आवश्यक सेवाओं, सुरक्षात्मक उपकरणों और मनोसामाजिक समर्थन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत विशेष रूप से संवेदनशील है। पिछले वर्ष फोर्ब्स मैगजीन ने लिखा था, %निर्माण गतिविधियों के साथ भारतीय कृषि और उद्योग विशेष रूप से गर्मी से संबंधित तनावों के कारण श्रमिकों की उत्पादकता के नुकसान के प्रति संवेदनशील हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2030 तक गर्मी के तनाव के कारण उत्पादकता के नुकसान के चलते अनुमानित 8 करोड़ वैश्विक नौकरियों में से 3.4 करोड़ रोजगार की हानि भारत में हो सकती है।% फोर्ब्स मैगजीन में बताया गया कि %रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (डीईपीआर) ने मुद्रा एवं वित्त 2022-23 संबंधी अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि भारत में बढ़ते तापमान और मानसूनी वर्षा के बदलते पैटर्न के कारण जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्था को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.8 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है और 2050 तक भारत की लगभग आधी आबादी के जीवन स्तर में गिरावट आ सकती है। पर्याप्त शमन नीतियों के अभाव में जलवायु परिवर्तन से भारत को 2100 तक सालाना जीडीपी का लगभग 3 से 10 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है। प्रचंड गर्मी से सभी समान रूप से प्रभावित नहीं होते हैं। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले, प्रवासी मजदूर और हाशिये पर रहने वाले लोग सबसे ज्यादा असुरक्षित होते हैं। महिलाएं भी व्यापक रूप से प्रभावित होती हैं। इसी वजह से हाइपर-लोकल ऐक्शन प्लान बनाना महत्वपूर्ण है, जो जोधपुर जैसे क्षेत्रों में कमजोर लोगों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह बेहद अफसोसनाक है कि लाखों भारतीयों के जीवन और आजीविका को प्रभावित करने वाले यह मुद्दा भारत की चुनावी चर्चा से बाहर है। लेकिन मतदान करते वक्त भारत के लोगों को उन उम्मीदवारों को ध्यान में रखना चाहिए, जो इन मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं और जिन्होंने इसमें दिलचस्पी दिखाई है। जीडीपी में वृद्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन हमारे राष्ट्रीय विमर्श को मजबूत नियामक ढांचे पर भी ध्यान देना चाहिए, जो सुरक्षा मानकों को लागू करने और श्रमिकों को जलवायु संबंधी खतरों से बचाने के लिए जरूरी हैं।

## दुनिया मेरे आगे : जीवंत रिश्ते और जिंदादिली, खुशियों के लिए जरूरी है मन में सुखद अनुभूति होना

पान के प्राचीन दर्शन शास्त्र में एक संदर्भ है- 'वाबी-साबी'। इसके तहत हमारी रोजमर्रा की जिंदगी के ऐसे अधूरेपन में ही मस्ती करने की सलाह दी जाती है। अधूरेपन को सराहा और पसंद किया जाता है। इस दुनिया में न तो कोई व्यक्ति अपने आप में संपूर्ण है और न ही कोई वस्तु। पढ़ें शिखर चंद जैन के विचार। तनाव के कारण जब मन परेशान रहता है तो लोगों के प्रति हमारा व्यवहार भी खराब होने लगता है। ऐसे में हम जरा-सी सूझबूझ से काम लें, जिंदादिल रहें, जीवन को जरा हल्का और अपने व्यवहार को संयत रखें तो जिंदगी में बड़ा बदलाव आ सकता है। सवाल है कि आखिर यह जिंदादिली आती कहां से है! यह आती है दिल में प्यार, मन में उमंग और शरीर में ऊर्जा रहने से। यह प्यार आता है समानुभूति, सहानुभूति, दयालुता और स्नेह की भावनाएं संजोने और उन्हें जागृत रखने से। मन में उमंग आती है जीवन का कोई सार्थक उद्देश्य ढूंढ़ने से। शरीर में ऊर्जा आती है मन को प्रफुल्लित रखने और तन को स्वस्थ रखने से। जिंदगी में जब प्यार कम होता है, तब सुख भी छिनने लगते हैं। सुखी रहने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की तरह प्रेम भी हमारी जिंदगी की मूलभूत जरूरत है। मित्र हों या जीवन साथी या हमारे परिजन, उनके साथ संबंधों को सुखद रखना और लंबे समय तक निभाना एक कला है, जिसके लिए कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है। अंग्रेजी में स्वार्ड यानी तलवार और वर्ड्स यानी शब्द, इन दोनों शब्दों में एक को छोड़ कर सब एक जैसे अक्षर हैं। खास बात यह है कि तलवार हो या शब्द, दोनों को सही ढंग से इस्तेमाल न किया जाए तो असर भी एक जैसा ही होता है। अक्सर लोगों से हमारे रिश्ते गलत बात करने से नहीं, बल्कि बात गलत तरीके से कहने से टूट जाते हैं। ऐसा संवाद के कौशल की कमी से होता है। किसी से बात करते समय हमें सही शब्दों के साथ-साथ बात कहने के सही तरीके का भी चयन करना चाहिए। साथ ही संवाद के दौरान हमारे हाव-भाव, लहजा और देह-भाषा भी सही रहनी चाहिए। मित्र, जीवनसाथी या अन्य नजदीकी रिश्तों में अगर हम किसी को उलाहना देना चाहते हैं, उसकी शिकायत करना चाहते है या किसी कमी के बारे में बताना चाहते हैं तो इससे पहले सही माहौल का इंतजार करना चाहिए। ऐसी बातें सार्वजनिक रूप से नहीं, अकेले में कहनी चाहिए। उन्हें बात बुरी न लगे या बहुत कम बुरी लगे, इसके लिए पहले उनकी कुछ अच्छी आदतों, उपलब्धियों की चर्चा या प्रशंसा करना अच्छा होगा। फिर बातों-बातों में स्पष्ट, लेकिन सधे हुए अंदाज में अपनी बात कही जा सकती है। यह जरूर कहना चाहिए कि यह उन्हें निखारने के मकसद से ही कही जा रही है। रिश्तों को निभाने के लिए क्षमा करना, नजरअंदाज करना और कभी-कभी अपनी उपेक्षा या कड़वी बातों को भूलना भी जरूरी होता है। अगर किसी की बात सुनकर बुरा लगे या व्यवहार से उपेक्षा महसूस हो, तो समग्रता से स्थिति का सही और ईमानदार आकलन किया जा सकता है। शायद उनका ऐसा कुछ मकसद न रहा हो और वे हड़बड़ी, व्यस्तता, मजबूरी, दुख या तनाव में ऐसा कुछ कह या कर गए हों जो हमें बुरा लगा हो। हो सकता है कि उनका कोई नजदीकी बीमार हो या दफ्तर का तनाव हो। कभी-कभी हम किसी की एक आध भूल या कड़वे वचन को यह सोचकर भी नजरअंदाज कर सकते हैं या भूल सकते हैं कि आमतौर पर उनका कभी खराब व्यवहार नहीं रहा है या फिर उन्हें अपना शुभचिंतक, स्नेही या हितैषी व्यक्ति मान कर भी ऐसा किया जा सकता है। हम लोगों से नजदीकियां, सम्मान और स्नेह चाहते हैं तो दिल को जरा उदार और अपनी सोच को बड़ा बनाना चाहिए। अपने सहकर्मियों, मित्रों और परिजनों के लिए छोटे-छोटे त्याग करना सीखा जा जा सकता है। हमेशा, हर काम में उनसे आगे बढ़ने की कोशिश करने की बजाय कभी-कभी दूसरों के लिए जरा-सा रास्ता छोड़ देने और उन्हें आगे बढ़ने देने से हमारा मान बढ़ेगा। समझदार लोग अपने प्रतिद्वंद्वियों से भी अच्छा संपर्क रखते हैं, क्योंकि उन्हें संबंधों की बारीकियों और व्यवहारकुशलता का ज्ञान होता है। पेशेवर प्रतिद्वंद्विता को वे कभी निजी रिश्तों पर हावी नहीं होने देते। ऐसे लोग घर या दफ्तर में अपने प्रतिद्वंद्वी का भी शानदार स्वागत, उनके साथ मधुर व्यवहार और उनका सम्मान करते हैं। उनके सुख-दुख में काम आने के लिए तत्पर रहते हैं और जरूरत पड़ने पर मदद में भी नहीं हिचकते। यही गुण मित्रों और जीवन-साथी से संबंधों के निर्वाह के लिए भी जरूरी है। हमारी पहचान उन लोगों से होती है, जिनके साथ हम अपना ज्यादातर समय बिताते हैं। हमें हमेशा आत्मीयजनों के साथ की जरूरत होती है। हर काम या इंसान बिल्कुल वैसा नहीं हो सकता, जैसा हम चाहते हैं। हर बात को दिल पर लेना, तुनकमिजाजी और धैर्यहीनता हमें कोई संबंध नहीं निभाने देगी। इससे हमारा ही नुकसान होगा। अच्छे संपर्कों, अच्छी संगत और सामाजिक संपर्कों से वंचित होने का सीधा मतलब है- तनाव, घबराहट या अकेलापन, असफलता और नीरस जिंदगी। संपूर्णता की ललक छोड़ देना चाहिए। यह आदत हमें अक्सर चिड़चिड़ा बना देती है। जापान के प्राचीन दर्शन शास्त्र में एक संदर्भ है- 'वाबी-साबी'। इसके तहत हमारी रोजमर्रा की जिंदगी के ऐसे अधूरेपन में ही मस्ती करने की सलाह दी जाती है। अधूरेपन को सराहा और पसंद किया जाता है। इस दुनिया में न तो कोई व्यक्ति अपने आप में संपूर्ण है और न ही कोई वस्तु। असल में संपूर्णता जैसा कुछ होता ही नहीं है। हम इस शब्द को जितना पीछे छोड़ देंगे, उतना ही हमारा दिल और दिमाग हल्का रहेगा। संपूर्णता की चाहत और इसकी खोज हमें एक असंतुष्ट व्यक्ति बना देती है, जो हमेशा उखड़ा-उखड़ा रहता है। इससे हमारे सामाजिक संबंधों और लोगों के साथ रिश्तों में भी खटास आ सकती है।

## इस्राइल की तरह अभेद्य भारतीय सुरक्षाः गलवां के बाद नीति में बदलाव, अब चीन कुदृष्टि डालने की सोच भी नहीं सकता

> अब वह पूरे विश्व को यह विश्वास दिलाने में सफल हुआ है कि ईरान शुरू से ही आक्रमणकारी रहा है और पूरे अरब क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों में ईरान का हाथ रहा है! नतीजतन अब अमेरिका शीघ्र ही ईरान को एक आतंकी देश घोषित करने की सोच रहा है, जिससे ईरान का तेल व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित होगा! दूसरा, इस्राइल के एयर डिफेंस सिस्टम के प्रति दुनिया का भरोसा बढ़ा है, जिससे उम्मीद है कि उसके आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम के लिए कई देशों से ऑर्डर मिल सकते हैं। ईरान जैसी ही हरकत चीन ने भी 2019 में लद्दाख के गलवां में की थी!

पिछले दिनों ईरान ने इस्राइल पर 120 मिसाइल तथा 300 ड्रोन से हमला किया, परंतु ईरान के 99 फीसदी मिसाइल और ड्रोन को इस्राइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नाकाम कर दिया! हालांकि इसमें अमेरिका, इंग्लैंड, और फ्रांस इत्यादि देशों ने भी उसकी मदद की थी, परंतु इसका श्रेय इस्राइल के अनूठे रक्षा कवच आयरन डोम नामक एयर डिफेंस सिस्टम को जाता है। इससे इस्राइल को कई लाभ हुए हैं। अब वह पूरे विश्व को यह विश्वास दिलाने में सफल हुआ है कि ईरान शुरू से ही आक्रमणकारी रहा है और पूरे अरब क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों में ईरान का हाथ रहा है! नतीजतन अब अमेरिका शीघ्र ही ईरान को एक आतंकी देश घोषित करने की सोच रहा है, जिससे ईरान का तेल व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित होगा! दूसरा, इस्राइल के एयर डिफेंस सिस्टम के प्रति दुनिया का भरोसा बढ़ा है, जिससे उम्मीद है कि उसके आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम के लिए कई देशों से ऑर्डर मिल सकते हैं। ईरान जैसी ही हरकत चीन ने भी 2019 में लद्दाख के गलवां में की थी! दरअसल 1996 में भारत और चीन के बीच हुए समझौते के अनुसार, वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास नोमैंस लैंड या सीमाओं के मध्यवर्ती क्षेत्र में दोनों देशों के सैनिक बगैर हथियारों के ही गश्त करेंगे! इसी समझौते के अनुसार, गलवां में दोनों देश की सेनाओं के बीच बातचीत के लिए जून, 2019 में एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें हिस्सा लेने भारतीय सैनिक तो बगैर हथियारों के पहुंचे, लेकिन चीनी सैनिक कंटीले तार लगे लाठी-डंडों के साथ आए और बिना किसी उकसावे के उन्होंने भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया। मगर निहत्थे भारतीय सैनिकों ने बहादुरी से इसका जवाब देते हुए कई चीनी सैनिकों को ढेर कर दिया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहाड़ियों पर भी कब्जा कर लिया। अब इस क्षेत्र में चीन आसानी से घुसपैठ नहीं कर सकेगा! चीनी हमले का वही परिणाम हुआ, जैसा कि इस्राइल पर ईरान के हमले का हुआ है। इससे चीनी सैनिकों की साख पर भारी धब्बा लगा है। इस्राइल को ईरान के हमले को नाकाम करने से जो उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वहीं लाभ भारत को भी मिला था। भारत ने गलवां हमले के बाद चीनी सीमा पर अपनी रक्षा तैयारी पर और जोर देना शुरू कर दिया है! भारत ने चीनी सीमा पर हवाई सुरक्षा को इस्राइल की तरह अभेद्य बनाने के लिए लद्दाख के पास नियोमा में नए हवाई अड्डे का निर्माण किया है! इसके अलावा, दौलत बेग ओल्डी नामक हवाई पट्टी का भी विस्तार किया गया है। इन दोनों स्थानों से अब राफेल जैसे लड़ाकू विमान उड़ान भर सकते हैं! हवाई हमले की पूर्व सूचना देने के लिए भारत ने आकाशतीर नामक एयर डिफेंस सिस्टम को भी चीनी सीमा पर तैनात कर दिया है! आधुनिक तकनीक से निर्मित इस सिस्टम की सूचना के आधार पर दुश्मन के हवाई जहाज या मिसाइलों को गिराने के लिए आकाश मिसाइल की यूनिट तैनात की गई है!

यह मिसाइल लेजर सिस्टम से नियंत्रित होती है, जिसे लक्ष्य से भटकाना असंभव है। इनके अतिरिक्त, दुश्मन पर मिसाइल से हमला करने के लिए आईजीएलए नाम की मिसाइल के 120 लॉन्चर भी चीन सीमा पर तैनात किए गए हैं। 1,000 आधुनिक ड्रोन किसी भी खतरे से मुकाबले के लिए हमेशा तैयार रहते हैं! यही नहीं, लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश में जमीनी युद्ध के लिए आर्म्ड कोर की टैंक यूनिटों को भी तैनात किया गया है। सेना की स्ट्राइक कोर, जिसमें लड़ाकू टैंक यूनिटों के साथ करीब 15,000 सैनिक होते हैं, को भी अरुणाचल में स्थापित कर दिया गया है! सीमा पर शीघ्र सैन्य सहायता तथा रसद पहुंचाने के लिए अरुणाचल की सीमा तक कई पुलों तथा सड़कों का निर्माण किया गया है! यहीं पर बीते मार्च में प्रधानमंत्री मोदी ने सेलापास नामक सुरंग का उद्घाटन किया। 2010 से पहले लेह को भारत से जोड़ने के लिए केवल एक सड़क श्रीनगरङ्कलेह थी! अब लेह को एक और लंबी सुरंग द्वारा हिमाचल प्रदेश से भी जोड़ दिया गया है। हिमाचल वाला मार्ग बहुत सुरक्षित है, जिस तक पाकिस्तान पहुंचने की सोच भी नहीं सकता! इस प्रकार अरुणाचल प्रदेश और लेह-लद्दाख के लिए संचार व्यवस्था और सड़क मार्गों की व्यवस्था से इन स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और भी मजबूत हो गई है। भारत की इन रक्षा तैयारियों को देखकर अब चीन भारत पर कुदृष्टि डालने की सोच भी नहीं सकता!

## चुनाव से पहले उम्मीदवारों का आना-जाना, दलों का अनुशासन और जनता के प्रति जिम्मेदारी

> ताकि किसी भी सदस्य को अगर किसी बात पर एतराज हो तो वह उसे जाहिर कर सके। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि कोई पार्टी अपने भीतर अनुशासन बनाना ही बंद कर दे। चलते चुनाव के बीच जिस तरह कांग्रेस के नेता बगावत करते और दूसरे दलों का दामन थामते देखे जा रहे हैं, उसे कांग्रेस बेशक पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र बता कर खुद अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश करे, पर हकीकत यही है कि इससे उसमें अनुशासन की कमी जाहिर होती है। कुछ दिनों पहले गुजरात में सूरत सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने जानबूझ कर अपना पर्चा भरने में गड़बड़ी की, जिसके चलते उसका पर्चा निरस्त हो गया और भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया।

चुनाव जीतने के लिए हर राजनीतिक दल अपने पैंतरे आजमाता ही है। जैसे कि आरोप लग रहे हैं, अगर भाजपा कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में खींचने में कामयाब हो रही है, तो इसे चुनावी गणित के हिसाब से गलत नहीं कहा जा सकता। असल सवाल है कि कांग्रेस ने अपने नेताओं को इस तरह अनुशासित क्यों नहीं रखा या उनमें ऐसा भरोसा क्यों नहीं भर सकी कि वे दूसरे किसी दल के प्रलोभन या दबाव में आ ही न पाएं। राजनीतिक दलों में लोकतांत्रिक वातावरण होना अच्छी बात मानी जाती है, ताकि किसी भी सदस्य को अगर किसी बात पर एतराज हो तो वह उसे जाहिर कर सके। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि कोई पार्टी अपने भीतर अनुशासन बनाना ही बंद कर दे। चलते चुनाव के बीच जिस तरह कांग्रेस के नेता बगावत करते और दूसरे दलों का दामन थामते देखे जा रहे हैं, उसे कांग्रेस बेशक पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र बता कर खुद अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश करे, पर हकीकत यही है कि इससे उसमें अनुशासन की कमी जाहिर होती है। कुछ दिनों पहले गुजरात में सूरत सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने जानबूझ कर अपना पर्चा भरने में गड़बड़ी की, जिसके चलते उसका पर्चा निरस्त हो गया और भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया। अब इंदौर सीट से उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। एक दिन पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि चुनाव प्रभारी उनकी बात नहीं सुनते। लवली ने पार्टी नेतृत्व पर भी कई आरोप लगाए हैं। हालांकि इन तीनों मामलों में भाजपा के दबाव और सांठगांठ की बातें भी की जा रही हैं, मगर इससे कांग्रेस की अनुशासनात्मक ढिलाई और अपने नेताओं को संभाल कर रख पाने में नाकामी छिप नहीं जाती। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में नेता कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। उनमें कई वरिष्ठ नेता भी थे। यह ठीक है कि कई नेताओं को जब कांग्रेस में अपना भविष्य नजर नहीं आया, तो उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। कुछ के बारे में कहा जाता है कि वे अपने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए सत्तापक्ष की तरफ चले गए। मगर इससे कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल तो उठते ही हैं कि वह क्यों अपने नेताओं को संतुष्ट नहीं रख सकी। ऐसा क्या हुआ कि उसके जो नेता कल तक सिद्धांतों की दुहाई देते न थकते थे, वे अचानक विद्रोही और अवसरवादी नजर आने लगे।

उनका असंतोष अचानक फूट पड़ा और वे कांग्रेस के खिलाफ विष-वमन करने लगे। किसी भी पार्टी को ताकत इस बात से मिलती है कि उसके नेता और कार्यकर्ता कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है या नहीं मिलती, उन्हें चुनाव का टिकट मिलता है या नहीं मिलता, वे चुप रह कर पार्टी नेतृत्व का फैसला स्वीकार कर लेते और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए निष्ठा और एकजुटता का परिचय देते हैं। भाजपा इसीलिए इस वक्त सबसे ताकतवर पार्टी है कि उसका नेतृत्व अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ कर रखने में कामयाब है। चुनाव जीतने के लिए हर राजनीतिक दल अपने पैंतरे आजमाता ही है। जैसे कि आरोप लग रहे हैं, अगर भाजपा कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में खींचने में कामयाब हो रही है, तो इसे चुनावी गणित के हिसाब से गलत नहीं कहा जा सकता। असल सवाल है कि कांग्रेस ने अपने नेताओं को इस तरह अनुशासित क्यों नहीं रखा या उनमें ऐसा भरोसा क्यों नहीं भर सकी कि वे दूसरे किसी दल के प्रलोभन या दबाव में आ ही न पाएं। बीच चुनाव में इस तरह पार्टी का साथ छोड़ कर बड़े नेताओं, यहां तक कि उम्मीदवारों के दूसरे दल में शामिल होने से न केवल पार्टी की आंतरिक कमजोरी जाहिर होती, बल्कि उसकी रणनीति भी विफल होती है।



# टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**शिवम दुबे को जगह ऋषभ पंत-संजू सैमसन विकेटकीपर**

**शुभमन गिल और रिंकू सिंह रिजर्व प्लेयर**








**नई दिल्ली। अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। बीसीसीआई ने मंगलवार को टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में 15 मेंबर्स वाला स्कॉड जारी किया है।**

आईपीएल में बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे संजू सैमसन और ऋषभ पंत को विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। पेस बॉलिंग ऑलराउंडर की कैटेगरी में हार्दिक पंड्या के साथ-साथ शिवम दुबे भी चुने गए हैं। शुभमन गिल और रिंकू सिंह मुख्य स्कॉड में जगह नहीं बना पाए हैं। ये ट्रैवलिंग रिजर्व का हिस्सा बनाए गए हैं। टीम इंडिया पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से होगा।

**कनाडा और अमेरिका के बीच होगा ओपनिंग मैच**

इस बार टी-20 वर्ल्ड कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच डलास में होगा। फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। सुपर-8 और नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होंगे।

**17 जून तक होंगे ग्रुप स्टेज के मुकाबले**

टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के मुकाबले 2 से 17 जून तक होंगे। 19 से 24 जून तक सुपर-8 स्टेज के मुकाबले होंगे। फिर 26 जून से नॉकआउट स्टेज शुरू होगा।

**वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 बार जीता है खिताब**

इस बार टी-20 वर्ल्ड कप का 9वां एडिशन खेला जाएगा। इंग्लैंड डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने 2022 में पाकिस्तान को हराकर दूसरी बार खिताब जीता था। इससे पहले 2010 में टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहली बार ट्रॉफी जीती थी। वेस्टइंडीज भी 2012 और 2016 में 2 बार खिताब जीत चुकी है। भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने एक-एक बार विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है।

**ग्रुप बी और ग्रुप-डी में हैं 3 मजबूत टीमें**

टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में 5-5 टीमों को 4 ग्रुपों में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप-ए में शामिल हैं। न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ग्रुप-बी में हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-सी का हिस्सा हैं। जबकि ग्रुप-डी में साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के साथ बांग्लादेश भी है।




## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका टीम का ऐलान, ऐडन मार्करम कप्तान, टेम्बा बावुमा बाहर

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में 1 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो गया है। साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम घोषणा की है। ऐडन मार्करम कप्तान होंगे। टेम्बा बावुमा को टीम में जगह नहीं मिली है।

दूसरी ओर 31 साल के पेसर ओटनील बार्टमैन पहली बार साउथ अफ्रीका की टीम में शामिल हुए हैं। उन्होंने डेब्यू नहीं किया है। नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रिजर्व में रखा गया है। साउथ अफ्रीका के लिए टेस्ट और वनडे में डेब्यू कर चुके विकेटकीपर रयान रिकेल्टन को भी पहली बार टी-20 स्कॉड में शामिल किया गया है।रयान रिकेल्टन और ओटनील बार्टमैन को जनवरी में हुए स्न20 टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन से फायदा हुआ। रिकेल्टन एमआई केप टाउन के लिए 58.88 के औसत और 173.77 के स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाकर टूर्नामेंट में टॉप रन-स्कोरर थे।

**साउथ अफ्रीका का स्कॉड**

ऐडन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, जेराल्ड कूट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्त्या, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**साउथ अफ्रीका टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-डी का हिस्सा**

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में साउथ अफ्रीका ग्रुप डी का हिस्सा है। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला 1 जून को डलास में ही होगा। क्रिकेट इतिहास का पहला मुकाबला भी अमेरिका और कनाडा के बीच ही 1844 में खेला गया था। साउथ अफ्रीका पहला मैच 3 जून को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद उसका मैच 8 जून को नीदरलैंड, 10 जून को बांग्लादेश और 15 जून को नेपाल के खिलाफ होगा।

**साउथ अफ्रीका अब तक वर्ल्ड कप नहीं जीत सका**

साउथ अफ्रीका की टीम अब तक वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है। टीम इंडिया ने 2007 में पहली बार हुए टूर्नामेंट का ही खिताब अपने नाम कर लिया था। भारत के अलावा पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी 1-1 बार खिताब जीता है। वेस्टइंडीज (2012 × 2016) और इंग्लैंड (2010 × 2022) ने 2-2 बार टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर कब्जा किया है। टूर्नामेंट अब तक 8 बार खेला गया है, अमेरिका और वेस्टइंडीज में टूर्नामेंट का 9वां एडिशन खेला जाएगा।

## इंदौर डिवीजन ने सागर को बड़े अंतर से हराया, 1175 रन का पीछा करते हुए ऑलआउट हो गई विपक्षी टीम



**नई दिल्ली।** इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सबसे बड़े टूर्नामेंट एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी को इंदौर डिवीजन ने अपने नाम कर लिया। विपक्षी टीम 1175 रन का पीछा करते हुए ऑलआउट हो गई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जहां 20-20 ओवर में टीमें रिकॉर्ड रन बना रही हैं, उसी तर्ज पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सबसे बड़े टूर्नामेंट एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी में रनों की बारिश दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रही। इंदौर डिवीजन ने सागर डिवीजन के खिलाफ मध्यप्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर 1184 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी। इसमें एक बल्लेबाज ने तिहरा, एक ने दोहरा, तो तीन बल्लेबाजों के शतक जमाए। इंदौर संभाग ने 1155/4 से आज मंगलवार को आगे खेलते हुए 1184/7 पर अपनी पहली पारी घोषित की। उसने जल्दी-जल्दी तीन विकेट गंवा दिए थे। विपक्षी टीम सागर संभाग दूसरी पारी की बैटिंग करने उतरी। लंच के बाद 1175 रन का पीछा करते हुए ऑल आउट हो गई।

इंदौर टीम से जुड़े ऐसैंसी मैनेजर हेमंत तिवारी ने बताया कि आज पहली पारी को आगे बढ़ाते हुए इंदौर के बैटर करन तेहलानी 355 रन से आगे खेलने उतरे लेकिन 361 पर एलबीडबलू आउट हो गए। इसके बाद आए माधव तिवारी (19) भी जल्दी लौट गए। इसके चलते 12 ओवर खेलने के बाद ही इंदौर ने पहली पारी 1184 रन पर घोषित कर दी। शतकवीर अनिल मौर्य ने नाबाद 122 रन बनाए। टीम की ओर से चंचल राठौर ने 282, सागर सोलंकी ने 122, हर्ष गवली ने 102, मिहिर हिरवानी ने 90, शुभम वर्मा ने 65 रन बनाए। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2018 में सीनियर मैच में ही इंदौर डिवीजन ने उज्जैन के खिलाफ 1013 रन बनाए थे।

## थॉमस कप बैडमिंटन-भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में, आखिरी ग्रुप मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराया



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को चेंगदू, चीन में अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया ने भिड़ेगा। थॉमस कप पुरुष टीमों के बीच होने वाला मल्टीनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट है। महिलाओं के इस टूर्नामेंट को उबर कप कहा जाता है। इन टूर्नामेंट दो टीमों के एक मुबाले में तीन सिंगल्स और 2 डबल्स मैच खेले जाते हैं।

**एचएस प्रणय ने जीता पहला मैच**

भारत-इंग्लैंड मुकाबले की शुरुआत सिगल्स मैच से हुई। भारत की ओर से वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय उतरे। वहीं, इंग्लैंड के लिए दुनिया के 106वें नंबर के खिलाड़ी हैरी हुआंग आए। प्रणय ने यह मैच 42 मिनट में 21-15, 21-15 से जीत लिया।

## टाटा संस ने टाटा प्ले में 10 प्रतिशत और स्टेक खरीदी, टेमसेक से 835 करोड़ में हुई डील




**नई दिल्ली।** टाटा संस ने टाटा प्ले में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर ली है। ग्रुप ने सिंगापुर की इन्वेस्टमेंट फर्म टेमसेक से कंपनी में उसकी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 100 मिलियन डॉलर (करीब 835.19 करोड़) में खरीद ली है।

ग्रुप के पास पहले से टाटा प्ले में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि डिज्नी के पास 30 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इकोनॉमिक टाइम्स ने इस बात की जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा प्ले ने आईटी मंत्रालय को शेयरहोल्डिंग में बदलाव की जानकारी शेयर की है।

टाटा प्ले टाटा ग्रुप की एकमात्र मीडिया और एंटरटेनमेंट कंपनी है, जो कंज्यूमर फेसिंग है। यह भारत की सबसे बड़ी डीटीएच कंपनी है। इसके 2.1 करोड़ कस्टमर्स हैं। कंपनी की मौजूदा वैल्यूएशन 100 बिलियन डॉलर है। कोविड महामारी के पहले इसकी वैल्यूएशन करीब 300 बिलियन डॉलर थी।

इस डील के बाद टाटा प्ले अब टाटा संस और वॉल्ट डिज्नी के बीच 70:30 का ज्वाइंट वेंचर बन जाएगा। हालांकि, आने वाले समय में डिज्नी की हिस्सेदारी भी कम हो सकती है, क्योंकि रिपोर्ट के मुताबिक डिज्नी डीटीएच प्लेटफॉर्म से बाहर निकलना चाहता है। दोनों के बीच हिस्सेदारी बेचने की बात भी चल रही है।

टेमासेक ने साल 2007 में टाटा प्ले में निवेश कर उसकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। टाटा प्ले 2001 में इनकॉर्पोरेट हुआ था और सर्विसेज 2006 से शुरू की थी। तब इसका नाम टाटा स्काई था, जिसे बाद में बदलकर टाटा प्ले कर दिया गया था। टाटा ग्रुप, टेमासेक से बायबैक के लिए काफी समय से प्रयास कर रही थी।

ग्रुप की वेबसाइट के अनुसार, टाटा प्ले, टाटा ग्रुप और वॉल्ट डिज्नी कंपनी के ट्वेंटी-फर्स्ट सेंचुरी फॉक्स Inc. के बीच एक जॉइंट वेंचर है। टाटा प्ले सेट-टॉप बॉक्स के जरिए पे-टेलीविजन और अपने ऐप के माध्यम से ओवर-द-टॉप वीडियो स्ट्रीमिंग यानी ओटीटी सर्विसेज प्रोवाइड करती है।

टाटा प्ले ने टाटा प्ले बिंज की शुरुआत के साथ ओटीटी स्पेस में कदम रखा था। इस प्लेटफॉर्म पर आपको एक साथ अमेजन प्राइम वीडियो, डिज्नी+हॉटस्टार, सोनी लिव, जी-5, वूट सेलेक्ट, वूट किड्स, शेमारूमी, सननेक्स्ट, हंगामा प्ले, इरोस जैसे ओटीटी ऐप मिलते हैं। पूरे भारत में टाटा प्ले के 23 मिलियन यानी 2.3 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन हैं।

टाटा प्ले में अपनी 29.8 प्रतिशत हिस्सेदारी रिलायंस को बेचेगी वॉल्ट-डिज्नी- डील सफल हुई तो अंबानी-टाटा के बीच यह पहला कोलैबोरेशन होगा

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड टाटा ग्रुप की टीवी और वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस प्रोवाइडर टाटा प्ले में 29.8 प्रतिशत स्टेक खरीदने जा रही है। रिलायंस यह स्टेक वॉल्ट डिज्नी से खरीदेगी। बिजनेस स्टैंडर्ड ने सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है।

## इंडियन ऑइल का चौथी तिमाही में मुनाफा 49 प्रतिशत घटा, जनवरी-मार्च में ये 5,487 करोड़ रुपए रहा



**नई दिल्ली।** इंडियन ऑइल का मुनाफा पिछले साल की तुलना में 49त्न घट गया है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में कंपनी ने 5,487.92 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड मुनाफा दर्ज किया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 10,841.23 करोड़ रुपए था।वहीं पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के तीन महीनों की तुलना में इंडियन ऑइल का मुनाफा 42.97 प्रतिशत घटा है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 9,224.85 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। कंपनी ने आज यानी, 30 अप्रैल को चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इंडियन ऑइल के बोर्ड ने प्रति शेयर 7 रुपए के डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। रिजल्ट के बाद कंपनी के शेयर में 4.41 प्रतिशत की गिरावट आई। ये 7.80 रुपए नीचे 168.95 रुपए पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष में मुनाफे में 269 प्रतिशत की बढ़ोतरी पूरे वित्त वर्ष में कंपनी के कंसोलिडेटेड मुनाफे में 269 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एफवाई24 में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 43,161.15 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष यानी एफवाई23 में इंडियन ऑइल का मुनाफा 11,704.26 करोड़ रुपए

........शेष पृष्ठ एक का

**यह चुनाव देश का मान-सम्मान बढ़ाने और सनातन धर्म की रक्षा का चुनाव है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

पार्टी तो और भी लोग ज्वाइन कर सकते हैं, लेकिन अपनी जनता के जनमत को सामने रखकर, जनता को जनार्दन के रूप में देखें और इतने सम्मान के साथ बात करें कि आप सभी की अनुमति मिले। इसे कहते हैं सच्चे अर्थों में जनप्रतिनिधि। उन्होंरने अपना 40 साल का लेखा-जोखा सबके सामने रखा। एक-एक करके अपनी सारी बात रखी, जिसके माध्यम से उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा चालू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र से प्रेम करता हूं। सच में श्योपुर बहुत पिछड़ा है। इस पिछड़े क्षेत्र के बावजूद भी यहां के जननेता ने अपनी जनता के बीच विश्वास बनाए रखा। आपके बीच सेवा का लगातार संकल्प रखा है मैं उनका अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं।

**देशभर से एक ही आवाज उठ रही नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है- विष्णुदत्त शर्मा**

मुरैना लोकसभा के विजयपुर एवं प्रेमसर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में एक ही वातावरण बना हुआ है। पश्चिम बंगाल हो या जम्मू-कश्मीर का लाल चौक, जहां कभी तिरंगा नहीं फहराने देते थे। आज पश्चिम बंगाल से लेकर जम्मू-कश्मीर और देशभर से एक ही आवाज आ रही है कि नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यह चुनाव कई मायनों में अलग है। भाजपा ने यहां से बेहद सहज, सरल व जनप्रिय नेता शिवमंगल सिंह तोमर के लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशी तो भाजपा में निमित्त मात्र होता है, मुख्य प्रत्याशी तो कमल का फूल होता है। कांग्रेस पार्टी में अब कोई रहना नहीं चाहता है। कल इंदौर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपना विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी रहे अक्षय बम ने कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व से विश्वास उठ गया है। आज वरिष्ठ नेता व विधायक राम निवास रावत और मुरैना महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताते हुए भाजपा परिवार का हिस्सा बन गई हैं। कांग्रेस पार्टी एक परिवार के अंदर सिमट कर रही गई है, फिर भी वह देश के अंदर जातियों में भ्रम फैलाकर लोगों को बांटने, लड़ाने का कार्य कर रही है।

कांग्रेस के दोहरे चरित्र वाले लोगों से सावधान रहे जनता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र वाले लोग आएंगे, और लोगों को जातियों के नाम पर लड़ाने का कार्य करेंगे। ऐसे लोगों से आप सभी मतदाताओं को सावधान रहना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गरीबों की खुशहाली के लिए कार्य कर रहे हैं। आज पूरे देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जी पर अटूट विश्वास है और प्रधानमंत्री जी गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस ने 2003 के पहले मध्यप्रदेश का बंटाढार कर दिया था। 2003 में भाजपा की सरकार बनने के बाद मध्यप्रदेश का विकास हुआ और अब प्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो रहा है। कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाए, भगवान राम के अस्तित्व को नकारने के बाद अब राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाली समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराया और अब वोट मांगने के लिए रामभक्तों के पास आ रहे हैं। राम का अस्तित्व नकारने वाली और रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाली पार्टियों को रामभक्तों से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे दोहरे चरित्र वाले दलों व नेताओं से जनता को सावधान रहने की जरूरत है।

**पार्टी संगठन और कार्यकर्ता ही जिताता है चुनाव**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दल है। कार्यकर्ता ही चुनाव जिताता है। मैं मुरैना में पैदा हुआ आपका भाई-बेटा हूं, मुझे पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से दूर खजुराहो से उम्मीदवर बनाया। चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ 12 दिन मिले थे। लेकिन खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद से 4 लाख 93 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। पार्टी ने फिर वहीं से जनता की सेवा का अवसर दिया है। मुरैना लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर बेहद सहज, सरल व लोकप्रिय प्रत्याशी हैं। आप सभी लोग शिवमंगल सिंह तोमर को ऐतिहासिक बहुमत से विजयी बनाकर नरेन्द्र मोदी जी को ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने मुरैना में कमल खिलाना है

श्योपुर जिले के प्रेमसर में सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले मि. बंटाढार दिग्विजय सिंह के दौर में मध्यप्रदेश दुरावस्था में था। प्रदेश सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं के लिए तरसता था। 2003 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, जिसने पूरे प्रदेश का विकास किया। इसी तरह 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और बीते 10 सालों में इस सरकार ने हर गरीब के जीवन को बदल दिया है। हर गरीब के जीवन में खुशियां लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को पक्का घर मिला है, तो आयुष्मान योजना में पांच लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। अब तो 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी इस योजना में शामिल किया जा रहा है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश से आतंकवाद खत्म हुआ है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि हम एक रुपया भेजते हैं, लेकिन गरीब के खाते में 15 पैसे ही पहुंचते हैं, 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने दलाल बिचौलियों को समाप्त कर भ्रष्टाचार पर रोक लगाई। आज पूरा एक रुपया गरीबों के खाते में पहुंच रहा है। शर्मा ने कहा कि आज मैं आपसे भारतीय जनता पार्टी के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और इसके लिए मुरैना लोकसभा से भी पार्टी प्रत्याशी शिवमंगल सिंह को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर कमल खिलाना है।

**कांग्रेस विधायक रावत एवं मुरैना की महापौर ने भाजपा का दामन थामा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ.नरोत्तम मिश्रा के समक्ष मंगलवार को मुरैना लोकसभा के विजयपुर में आयोजित जनसभा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री रामनिवास रावत और मुरैना नगर निगम की महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राकेश मावई, जगदीश मिश्रा, श्रीधर गुर्जर, नागेंद्र मोहन शंकर, तेजपाल सिंह जाट, नंदकिशोर, सत्येंद्र सिंह गुर्जर, भैरव सिंह राणा, ओमप्रकाश पाठक, सियारामजी, नरेंद्र यादव, राकेश दीक्षित, सूरज गुर्जर, श्रीरामसिंह यादव, हंसराज सिंह यादव, विजय सिंह धाकड़ सहित कई अन्य कांग्रेस नेताओं को भी भाजपा ज्वाइन कराई गई।

**ये रहे उपस्थित**

विजयपुर में आयोजित जनसभा में ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक नरोत्तम मिश्रा, विधायक रामनिवास रावत, श्रीमती शारदा सोलंकी, राजू सोलंकी, बाबूलाल मेवरा, सीताराम आदिवासी, श्रीमती गुड्डी बाई, राकेश मावई, गुड्डूभाई अरविंद, जयप्रकाश राजौरिया, अरविंद सिंह जादौन, अशोक गर्ग, कमलेश कुशवाह, सियाराम रावत, सीताराम राठौर, रिंकू शर्मा, मेहरबान सिंह, श्रीधर गुर्जर, अनिरूद्ध रावत, भरतलाल, जगदीश मिश्रा, वीके शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रेमसर में आयोजित जनसभा में रणवीर सिंह रावत, रामनिवास रावत, सुरेंद्र जाट, दुर्गालाल विजय, कैलाश गुप्ता, ओम राठौर, तुलसीराम मीणा, मिथलेश मीणा, महावीर सिंह सिसौदिया, रमन पारसी, श्रीमती सुमन, हरिसिंह मीणा, शशांक भूषण, दिनेश भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनूठी पहल

## सर्वाधिक मतदान कराने वाले प्रथम 21 वालंटियर्स को मिलेगी प्रोत्साहन राशि- बीएलओ भी होंगे पुरस्कृत

**इन्दौर।** इंदौर जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में अनेक अनूठी पहल की जा रही है। इसी के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के साथ वालंटियर्स भी तैनात किये जा रहे है। सर्वाधिक मतदान कराने पर संबंधित वालंटियर्स/बीएलओ को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है।



यह जानकारी आज यहां देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम तक्षशिला परिसर खण्डवा रोड पर आयोजित एनजीओ एवं वॉलेटिंयर के साथ संवाद कार्यक्रम में दी गई। इस कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी तथा स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित अन्य अधिकारी और एनजीओ तथा वालंटियर्स मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने मतदान की महत्ता बताते हुये सभी से आग्रह किया कि वे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। यह प्रयास करे कि सभी मतदाता अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान हो इसलिये अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। बताया गया कि इंदौर जिले के मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक ओर महत्वपूर्ण कवायद की गई है। इसके तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान केन्द्र वार बीएलओ और वालंटियर्स नियुक्त किये गये है। यह अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने बीएलओ, कॉलेज के विद्यार्थियों और युवाओं को वालंटियर्स भी बनाये है। पूर्व के चुनाव में जिन मतदान केन्द्रों पर कम मतदान हुआ है, वहां विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदान बूथों पर न्यूनतम 75 प्रतिशत से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बीएलओ, वालंटियर्स एवं जागरूकता कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। मतदान का लक्ष्य हासिल करने वाले ऐसे सभी बीएलओ को 5 हजार रुपये की पारितोषिक राशि के रूप भी दी जायेगी। मतदान प्रतिशत बढाने में अग्रणी रहने वाले प्रथम 21 मतदान केन्द्रों के वॉलेन्टीयर्स को प्रोत्साहन राशि के रूप में ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये दिये जायेगे। इसके अलावा मतदान जागरूकता के माध्यम से लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने वाले व्यक्तियों को पदक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

# गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से दिया मतदान जागरूकता का संदेश

## जीनियस एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से की मतदान करने की अपील




**श्योपुर/विजयपुर।** शहर की जीनियस एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा आज अनेक स्थानों पर मतदान संदेश देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर छात्रों के साथ स्कूली स्टाफ भी मौजूद रहा। छात्रों ने अनेक गांवों में पहुंचकर स्थानीय लोगों को मदतान करने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय के प्राचार्य बलभद्र शर्मा ने बताया कि सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट बी.एस. श्रीवास्तव की अनुमति से जीनियस एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव-गांव जाकर मतदान करने के लिए संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक प्रभारी अमन खान सहित छात्र-छात्राओं द्वारा लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। ग्राम इकलोद विजयपुर में अलग-अलग स्थान पर गीत-संगीत की प्रस्तुति के माध्यम से लोगों में मतदान में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी के साथ वहां उपस्थित लोगों को नैतिक मतदान की शपथ भी दिलाई गई। छात्र-छात्राओं द्वारा रेस्टहाउस के सामने, सुनवई तिराहा सहित अनेक स्थानों पर गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाकट के कार्यक्रम आयोजित किये। इस अवसर पर शाला संचालक पवन कुमार गौड़, शिक्षक अमान खान, नीरज द्विवेदी, आशीष तोमर, अंजली जादौन, जय सिंह, मानसी गोले सहित स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# एनएचपीसी ने फ्लोटिंग सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन हेतु ओशन सन, नॉर्वे के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

**फरीदाबाद।** महामहिम सुश्री मे-एलिन स्टेनर, भारत में नॉर्वे की राजदूत, राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी, रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडीसी), एनएचपीसी, महामहिम डॉ. एक्किनो विमल, ओस्लो, नॉर्वे में भारत के राजदूत, वी. आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (आरईजीएच), एनएचपीसी और क्रिस्टियन टोरवॉल्ड, सीईओ, ओशन सन की गरिमामयी उपस्थिति में एनएचपीसी और ओशन सन, नॉर्वे के बीच (हाइब्रिड मोड के माध्यम से) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

एनएचपीसी लिमिटेड ने फ्लोटिंग सोलर इंडस्ट्री के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाता के रूप में प्रचालनरत नॉर्वे की कंपनी मेसर्स ओशन सन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता ज्ञापन एनएचपीसी द्वारा चिन्हित किए गए उपयुक्त स्थलों पर हाइड्रो-इलास्टिक मेम्ब्रैन पर स्थापित पीवी पैनलों पर आधारित ओशन सन की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के अन्वेषण हेतु किया गया है।



महामहिम सुश्री मे-एलिन स्टेनर, भारत में नॉर्वे की राजदूत, राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी और रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडीसी), एनएचपीसी और महामहिम डॉ. एक्किनो विमल, ओस्लो, नॉर्वे में भारत के राजदूत की गरिमामयी उपस्थिति में, वी. आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (आरईजीएच), एनएचपीसी और क्रिस्टियन टोरवॉल्ड, सीईओ, ओशन सन द्वारा दिनांक 29 अप्रैल 2024 को नॉर्वे दूतावास, नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सतत विकास और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की दिशा में प्रयासों को जारी रखते हुए, एनएचपीसी लिमिटेड - भारत में जलविद्युत विकास के लिए सबसे बड़ा संगठन है और विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसे सौर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन आदि के विकास में भी लगी हुई है।

### समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन कार्य 20 मई तक

**भोपाल।** समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन का कार्य के लिए पूर्व जारी अंतिम तिथि 07 मई से बढ़ाकर अब 20 मई नियत की गई है।

# माधव महाविद्यालय ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान


**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** लोकतंत्र में एक-एक मत का बहुत महत्व है। लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अपने अमूल्य मत का उपयोग हम सोच-समझकर आवश्यक रूप से करें, क्योंकि मतदान हमारा प्रथम अधिकार है। जिसे हम सबको मिलकर कर्तव्यनिष्ठा के साथ करना चाहिये क्योंकि जिन जन प्रतिनिधियों को चुनकर भेज रहे हैं वह हमारे देश के विकास में अहम योगदान दे सके। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय रस्तोगी, प्राध्यापक डॉ. सुभाष जैन, डॉ. मनोज अवस्थी एंव नीलेन्द्र सिंह तोमर माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करे जिसके लिये नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यक्रम एन.एस.एस. माधव महाविद्यालय डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं डॉ. विकास शुक्ल कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।




परीक्षा के साथ-साथ इन जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन करने में स्वयंसेवक एन.एस.एस. उत्साह दिखा रहे हैं। मतदान करने के साथ-साथ हम अपने मत का सही उपयोग करें इस बात का हमें ध्यान रखना चाहिये। मतदान राष्ट्रीय पर्व है जिसे हम सब लोगों को पर्व की तरह मनाना चाहिये। मतदान के दिन हम लोग उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर जाकर मत का प्रयोग करें। एन.एस.एस. द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किया जाता रहा है क्योंकि आमजन को जागरूक करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. कौशलेन्द्र अवस्थी, डॉ. संगीत अग्रवाल, डॉ. योजना तिवारी, डॉ. दीप्ती नारंग, डॉ. चंचल अवस्थी, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. राकेश करेहरिया, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. दीपक शिन्दे, डॉ. विजय पाण्डेय, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. प्रेक्षा नाईक, डॉ. मंदाकिनी शर्मा स्वयंसेवक आशुतोष पालिवाल, रितिक घोरपड़े, शिवम गोडयाले, नकुल शर्मा, भूमि गुप्ता, रौनक द्विवेदी, हेमन्त अग्रवाल, आदि लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्र विकास के कर्मवीर हैं मजदूर

## मई दिवस पर विशेष



डॉ. केशव पाण्डेय

मजदूर देश के नव निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है। राष्ट्र के विकास में उसका महत्ववूर्ण योगदान होता है। समाज, संस्था, देश और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूर के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे को खड़ा करने की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रमिकों का समाज में अपना ही एक स्थान है। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ संकल्प, निश्चय, और निष्ठा का दिवस है। आखिर क्यों पड़ी इस दिवस को मनाने की जरूरत? आइए जानते हैं, अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का इतिहास, महत्व और आधुनिक दौर में उनका प्रभाव।

---मजदूर दिवस, मई दिवस या अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मजदूरों के नाम समर्पित है। मजदूर और श्रमिकों को सम्मान देने के लिए 1 मई को भारत सहित पूरी दुनिया में मनाया जाता है। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी इस दिन को मनाते हैं, ताकि मजदूरों की स्थिति समाज में मजबूत हो सके। हर कार्य क्षेत्र मजदूरों के परिश्रम पर निर्भर करता है। मजदूर किसी भी क्षेत्र विशेष को बढ़ावा देने के लिए श्रम करते हैं। मई दिवस दुनिया भर के श्रमिकों के लिए एक त्योहार है और यह उनका सम्मान करता है।

1886 में अमेरिका में श्रमिकों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग को लेकर आंदोलन का शंखनाद किया। शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने गोली बरसाई। जिसमें कई श्रमिकों की जान गई और सैकड़ों जख्मी हो गए। 1889 में पेरिस में इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस में 01 मई को मजदूरों के बलिदान में समर्पित करने का फैसला किया गया। जो दुनिया भर में श्रमिकों के संघर्षों और उपलब्धियों को पहचानने का दिन है। इस तरह धीरे-धीरे पूरी दुनिया में 1 मई को मजदूर दिवस या कामगार दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई। श्रम अधिकारों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना का स्मरण दिवस है। भारत में यह दिन 1923 में अस्तित्व से आया। हालांकि मजदूर आंदोलन




का आगाज 136 साल पहले हो चुका था। अमेरिका में 01 मई 1889 को लागू होने के 34 साल बाद लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान के बेनर तले 1 मई 1923 को पहली बार चेन्नई में मजदूर दिवस मनाया गया। कॉमरेड सिंगारवेलर ने समारोह का नेतृत्व किया कई संगठन और सोशल पार्टी ने इस फैसले का समर्थन किया। अधिकांश देश 1 मई को मई दिवस के रूप में मनाते हैं। यूके और आयरलैंड में मई के पहले सोमवार को बैंक अवकाश होता है। इस छुट्टी को बीसवीं सदी में सोवियत संघ द्वारा आधिकारिक तौर पर स्वीकृत किया गया था। इसे कुछ कम्युनिस्ट देशों में श्रमिक दिवस की अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के रूप में भी जाना जाता है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और नीदरलैंड सभी अलग-अलग दिनों में मजदूर दिवस मनाते हैं।

मजदूर दिवस न केवल श्रमिक वर्ग के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए बहुत महत्व रखता है। क्योंकि यह दिन दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण, रखरखाव और संचालन में श्रमिकों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका की वैश्विक मान्यता के रूप में कार्य करता है।

उद्योगों और क्षेत्रों में श्रमिकों की उपलब्धियों, कौशल और कर्मठता के जश्न का प्रतीक है। उनका समर्पण, कड़ी मेहनत और नवाचार समाज के पहियों को घुमाते रहते हैं। श्रमिकों के अधिकारों और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए चल रहे संघर्ष को दर्शाता है। यह उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा और शोषण से सुरक्षा जैसे मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। श्रमिकों के लिए एक अधिक न्यायसंगत दुनिया बनाने का दबाव डालता है। विभिन्न पृष्ठभूमियों, उद्योगों और देशों के श्रमिकों को एक-दूसरे के साथ एकजुटता से खड़े होने का साहस देता है। यही एकता की भावना श्रमिकों को सामूहिक रूप से अपनी चिंताओं को व्यक्त करने, अनुभव साझा करने और सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम करने का अधिकार देती है।

भारत में श्रम का तात्पर्य भारत की अर्थव्यवस्था में रोजगार से है। 2020 में भारत में 476.67 मिलियन श्रमिक थे। जो चीन के बाद सबसे ज्यादा हैं। जिसमें कृषि उद्योग में 41.19 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में 26.18 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में कुल श्रम शक्ति 32.33 प्रतिशत है। जबकि 7.26 करोड़ की आबादी वाले मध्य प्रदेश में करीब पोने दो करोड़ मजदूर हैं। देश में श्रमिकों अकुशल, अर्ध कुशल और कुशल की तीन श्रेणियां हैं। उसी आधार पर उनके वेतन का निर्धारण होता है।

दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि आज भी लाखों लोगों से बंधुआ मजदूरी कराई जाती है। जो बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976 और संविधान के अनुच्छेद 23 का पूर्णतः उल्लंघन है। मजदूरी में लैंगिक भेदभाव आम बात है। फैक्ट्रियों में आज भी महिलाओं को पुरुषों के बराबर वेतन नहीं दिया जाता है।

यह भी विडंबना है कि छोटे-छोटे गरीब बच्चे स्कूल छोड़कर बाल-श्रम को मजबूर हैं। बालश्रम बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करता है। जबकि देश में बालश्रम निषेध और नियमन अधिनियम लागू है। श्रमिक को 8 घंटे से ज्यादा काम नहीं करना चाहिए। काम के घंटे बढ़ाए जा सकते हैं, लेकिन नियमित वेतन के अलावा अतिरिक्त पारिश्रमिक का भुगतान हो।

हालांकि मध्यप्रदेश सरकार ने श्रमिकों के हित में बड़ा कदम उठाया है। श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने बड़ी राहत देते हुए मजदूरी में बढ़ोतरी की है। अब कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 12294 रुपए, उच्च कुशल का 13919 रुपए होगा। इस लिहाज से अकुशल श्रमिकों के वेतन में 1975 रुपए, अर्द्धकुशल श्रमिकों के वेतन में 2114 रुपए, कुशल श्रमिकों के वेतन में 2459 रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों के वेतन में 2784 रुपए प्रति माह की बढ़ोतरी हुई है।। अकुशल मजदूरों को अब हर महीने 11,450 रुपए, अर्द्धकुशल मजदूरों को 12,446 और खेतिहर मजदूरों को 9,160 रुपए मजदूरी मिलेगी। अंश कालिक मजदूरी करने वालों को संबल योजना से जोड़ा जाएगा। असंगठित मजूदरों की मजदूरी में 25 फीसदी की बढ़ोतरी की है। 10 साल बाद हुई यह बढ़ोतरी अप्रैल से पूरे प्रदेश में लागू हो गई। साथ ही सरकार ने ऐलान किया है कि ई-स्कूटर खरीदने पर मजदूरों को 40 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। श्रम मंत्री की यह पहल प्रशंसनीय है। लेकिन मजदूरों के हितों में और भी ठोस कदम उठाने की जरूरत है। देखा जाए तो आज भी कई क्षेत्रों में मजदूरों का शोषण आम बात है। इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत बने पैरालीगल वॉलेंटियर ने एक हेल्प लाइन नंबर जारी किया है कि यदि मजदूरी करने बाद किसी मजदूर को कोई भुगतान करने से इंकार करता है तो वह लेबर हेल्पलाइन नंबर 1800-1800-999 पर शिकायत कर सकता है।

मजदूर दिवस पर हम सभी को चाहिए कि समाज व राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले श्रमिकों के हितों के लिए सकारात्मक पहल कर उनके विकास में अपना योगदान हैं। चंद पंक्तियों के साथ मजदूर भाई-बहनों को मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

मजदूर देश का मजबूत खंब है,न होता इसमें कोई दंभ है।
काम वो करते बिना विलंब हैं, अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ हैं।।

# शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'चाहेंगे तुम्हें इतन' में अनुभवी अभिनेत्री अन्नपूर्णा भैरी हुई शामिल !

शेमारू उमंग पर 'चाहेंगे तुम्हें इतना' अपनी आकर्षक कहानी और अनुभवी कलाकारों के प्रदर्शन से दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। आशी की मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री स्वाति शर्मा और सिद्धार्थ के किरदार में नज़र आ रहे अभिनेता भरत अहलावत, इन दोनों के बीच की केमिस्ट्री को स्क्रीन पर बहुत पसंद किया जा रहा है जो आने वाले एपिसोड में जल्द ही शादी के बंधन में बंधते नजर आएंगे। इतना ही नहीं शो में एक ऐसे किरदार की एंट्री होने वाली है जो आशी और सिद्धार्थ की खुशियों को बर्बाद करने की योजना बना रहा है। शो में यह जो नया किरदार भी शामिल हो रहा है, उनका नाम है गिरिजा देवी जो अमित की मां और अमृता की सास हैं। यह खास किरदार बहुमुखी और प्रतिभावान अभिनेत्री अन्नपूर्णा भैरी निभाएंगी, जिसे एक कठोर व्यक्ति के रूप में चित्रित किया गया है जो अपनी नैतिकता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और सिद्धांतों और आदर्शों का पालन करने वाली हैं।

अन्नपूर्णा भैरी ने अपने किरदार के बारे में अधिक जानकारी देते हुए कहा,'चाहेंगे तुम्हें इतना' शो में मेरा किरदार, गिरिजा देवी का है जो एक ऐसी महिला



हैं, जिसके पास प्रभुत्व स्थापित करने की महारत है। जब बात उनकी जीवनशैली की आती है तो वह बहुत पुराने विचारों वाली है और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करे, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अमृता खुद अपनी सास से डरती हैं क्योंकि वह यहां सबकुछ ठीक करने आई हैं जबकि वास्तविक जीवन में ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत ही मृदुभाषी है और मुझे किसीपर हावी होना पसंद नहीं है।'

वह आगे कहती हैं, 'यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी इसमें एक बहुत जरूरी ट्विस्ट जोड़ेंगी और अपनी उपस्थिति को परिभाषित करेंगी क्योंकि उनके होने से बहुत सारा ड्रामा देखने को मिलेगा। शो के अपकमिंग एपिसोड्स में दर्शकों को देखने के लिए बहुत कुछ इंट्रेस्टिंग होगा।'

अधिक जानकारी के लिए देखें 'चाहेंगे तुम्हें इतना' शो, हर सोमवार से शनिवार, रात 9 बजे केवल शेमारू उमंग पर।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा अरविन्द सिंह तोमर प्रान्त सह संयोजक मनोनीत

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत- दिल्ली ने लोकतंत्र के उत्सव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर की अहम बैठक व संगठन विस्तार हेतु नवीन दायित्व की घोषणा की

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- नईदिल्ली।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा अरविन्द सिंह तोमर प्रान्त सह संयोजक बनाये गए। इस की घोषणा विगत 27 अप्रैल को फैज रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय ग्राहक शक्ति-शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान पर दिल्ली प्रांत अध्यक्ष राजवीर सिंह सोलंकी द्वारा संस्था द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र के उत्सव चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने' समाज द्वारा राष्ट्रहित को केंद्र में रखते हुए अधिकतम मतदान करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। जिसका प्रांत सचिव विजय केसरी द्वारा बैठक का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि सामाजिक संगठन होने के नाते हम सबका दायित्व है कि वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हमको समाज में लोगों के बीच चेतना जगाने जैसा महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए। प्रांत उपाध्यक्ष सुनील खुरचन द्वारा नए वोटरों की सहभागिता सुनिश्चित कर मतदान ज्यादा से ज्यादा हो, कार्य करने को कहा गया। साथ ही,पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों का विस्तारपूर्वक वर्णन प्रांत सहसंगठन मंत्री मोहनजीत कौर एवम महिलाओं से संबंधित प्रमुख मुद्दों को महिला



आयाम प्रांत संयोजिका वास्तुविद डॉ. नीति शर्मा द्वारा रखा गया।स्मरणीय है कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहक हितों के संरक्षण हेतु कार्यरत देशव्यापी संगठन है। जो समाज में लोगो को उनके ग्राहकरूपी अधिकारो एवं कर्तव्यो के बारे में जागरूक करने एवम समय-समय पर ग्राहक हितों से जुड़े मुद्दे उठाता रहता है। कार्यक्रम के अंत में, संगठन विस्तार हेतु दिल्ली प्रांत अध्यक्ष राजवीर सिंह सोलंकी की सहमति से रिक्त प्रांत व जिले में निम्न दायित्व की घोषणा प्रांत सचिव विजय केसरी द्वारा की गई।

प्रांत सह संगठन मंत्री- मोहनजीत कौर, प्रांत सह सचिव- ईश्वर चंद, प्रांत उपाध्यक्ष- अनुज चौधरी, प्रांत उपाध्यक्ष- बिजेंद्र शर्मा (सचिव, स्वर्ण जयंती समिति- दिल्ली), प्रचार आयाम-

प्रांत सह संयोजक- अरविन्द सिंह तोमर, प्रांत सह संयोजक-आशुतोष मिश्रा, महिला आयाम-

प्रांत संयोजिका- डॉ. नीति शर्मा, सह संयोजिका- श्रीमती सोनल गुप्ता, रोजगार आयाम- प्रांत सहसंयोजक- राहुल कटारिया, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य- साक्षी त्यागी, पूनम जी, जिला संयोजक- उत्तर-पूर्वी जिला संयोजक- दीपक भाकुनी, सहसंयोजक- दिनेश, उत्तर-पश्चिम जिला संयोजक- बसंत सचदेवा, सहसंयोजक- पुनीत बाटला, दक्षिणी दिल्ली जिला संयोजक- मस्तराम लोहिया, सह संयोजक- परवीन राठी, सहसंयोजक- विजया लक्ष्मी, दक्षिण-पूर्व जिला संयोजक- राकेश बसोया, दक्षिण-पश्चिम जिला सहसंयोजक- सुमित दीक्षित, पूर्वी दिल्ली जिला संयोजक- दीपक मगध, सहसंयोजक- जयदीप चिकारा, पश्चिमी दिल्ली जिला

संयोजक- मनोज जी, शाहदरा जिला सहसंयोजक शिव भास्कर, सहसंयोजक राजकुमार यादव, मध्य दिल्ली जिला सहसंयोजक पवन सेठी, सहसंयोजक गौरव, दिल्ली विश्वविद्यालय ईकाई सहसंयोजक- मनोज कुमार, लोकमत परिष्कार कार्यक्रम के संयोजक- अजय शर्मा (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, दिल्ली प्रांत)।

# हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** हत्या के केस में अकबर शाह व बदना शाह को आजीवन कारावास व 8000,8000 रुपये के जुर्माना की सजा से सत्र न्यायालय मुरैना ने दण्डित किया है। शासन की ओर से पैरवी महेन्द्र कुमार अग्रवाल लोक अभियोजक ने दिनांक 24.10.21 को ग्राम बड़बारी में शाम 7 बजे की घटना है। मृतक छीतल शाह ने कुतिया को अवाज देकर भगाया। अभियुक्तगणों ने समझा छीतल शाह हम लोगों को दुदकार रहे हैं। इसी बात पर अभियुक्तगण अकबर शाह, बदना शाह व अपचारी बालक गोलू शाह लाठी -डण्डे लेकर आ गये अकबर शाह ने छीतल शाह के सिर में



लाठी मारी, जिससे सिर, नाक, मुहं से खून निकल आया। बदना शाह ने रशीद शाह के, गोलू शाह ने भानू शाह के व अकबर शाह ने अफसर शाह के लाठी मारी जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना रिठोरा में हुई। उक्त चोटों के कारण दौराने इलाज छीतल शाह की मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा जाचं उपरान्त अभियुक्त अकबर शाह व भानू शाह के विरुद्ध चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया व विधि विरुद्ध बालक गोलू शाह के विरुद्ध कार्यवाही वाल न्यायालय में प्रस्तुत की। सत्र न्यायलय व्दारा न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य व उभय पक्षों की दलील सुनने के पश्चात न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 8000,8000 रुपये जुर्माना की सजा दी है। शासन की ओर से पैरवी महेन्द्र कुमार अग्रवाल लोक अभियोजक ने की है।

## वीरेन्द्र हर्षाना रान्सू की माताजी का निधन



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** म.प्र. पिछड़ा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष व गुर्जर विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह हर्षाना रान्सू की माताजी रामबेटी का गत दिवस निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम रान्सू में हुआ। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक संवेदनायें व्यक्त की हैं।

# कोतवाली पुलिस ने दबोचा 6 वर्ष से फरार इनामी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिला मुरैना में ईनामी-फरारी बदमाशों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़, अवैध हथियार तस्करों, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में निरीक्षक आलोक सिह परिहार थाना प्रभारी कोतवाली मुरैना को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली का फरार 5,000/- रूपये का ईनामी बदमाश निक्की पुत्र ब्रजेश



जाटव उम्र 30 साल निवासी सिंगल बस्ती मुरैना को सिंगल बस्ती में पानी टंकी के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर जाकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताये हुलिये अनुसार एक व्यक्ति पुलिस को आता देख भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेर कर पकड़ा गया। उक्त आरोपी थाना कोतवाली के अपराध क्र. 326/18 धारा 147, 148, 149, 186, 353, 395, 397 ताहि 11/13 एमपीडीपी के एक्ट में आरोपी है। आरोपी को मौके पर विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय मुरैना में पेश किया गया।

**सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक आलोक परिहार थाना प्रभारी कोतवाली मय स्टाफ उनि संजय बरैया, प्रधान आरक्षक मंगल सिंह, सत्यवीर सिह, सुनील यादव, जितेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रदीप माझी, वीरेन्द्र सिंह, प्रमोद लोधी, धर्मेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# यूसीमास गांधी कॉलोनी के बच्चों ने राज्य स्तरीय गणित प्रतियोगिता में शहर का नाम रोशन किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** गणित की 200 जटिल गणनाएं और हल करने के लिए सिर्फ 8 मिनट का समय, शायद कैलकुलेटर की मदद से भी इतने कम समय में इन्हें हल करना संभव न हो, लेकिन गणित के नन्हें जादूगरों ने बिना किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद के 8 मिनट में हल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह सब संभव हुआ यूसीमास की 19वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जो कि 27 अप्रैल 2024 को एमराल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल इंदौर में सम्पन्न हुई।
यूसीमास गांधी कॉलोनी मुरैना के संचालक डॉ. ए.के. गुप्ता ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संपूर्ण मध्य प्रदेश के 200 यूसीमास सेंटर्स से लगभग 12 हजार नन्हें-मुन्ने गणितज्ञों ने भाग लिया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चे ही भाग लेते हैं। गांधी कॉलोनी यूसीमास के संचालक डॉ. ए.के. गुप्ता




ने बताया कि राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में गणित संबंधी गुणा, भाग, जोड़ एवं अंक गणित के जटिल से जटिल 200 प्रश्न 8 मिनट से भी कम समय में लिखित में हल करने का लक्ष्य होता है यानी कि यूसीमास के बच्चे 8 मिनट से भी कम समय में 200 प्रश्न हल करते हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यूसीमास गांधी कॉलोनी के 45 बच्चों ने गजब का हुनर दिखाते हुए कई सारे पुरस्कार अपने नाम किये, जो कि निम्न हैं- सुभ्या तोमर,आयुष राठौर ने -चैंपियन की ट्रॉफी प्राप्त की। परिणीता शर्मा, काव्य शुक्ला, दृष्टि नागोरिया, श्रेष्ठ तोमर, अक्षय यादव विलियमसन ने -फर्स्ट, सेकंड, थर्ड, फोर्थ, फिफ्थ रनर अप की ट्राफियां प्राप्त कीं। अक्षत शर्मा, अनिष्ठा त्रिवेदी आयुष त्रिवेदी, आयुषी राठौर, मानस जैन, मयंक शर्मा, नंदिनी जयसवाल, प्रतीक शर्मा, सार्थक उपाध्याय, शिवांश गुप्ता, शौर्य कुमार शाक्य, वरदान गर्ग ने मेरिट की ट्रॉफी प्राप्त की। अंतरिक्ष नागोरिया, अरनव जैन, गौरांवि कंसाना, कशिश श्रीवास्तव, कुणाल जालौन, मौलिक कटारे, निलोहित सिंह सिकरवार, रित्विक कुलश्रेष्ठ, सौरभ राठौर, स्वस्ति जैन तथा वंशिका राजोरिया ने कंसोलेशन पुरस्कार प्राप्त किया।
विजेताओं को पुरस्कार वितरण यूसीमास के संस्थापक डॉ. डिनो वोंग मलेशिया, यूसीमास मध्य प्रदेश के डायरेक्टर नीरज गोयल सर और श्रीमती अमृता गोयल मैम द्वारा दिया गया। यूसीमास गांधी कॉलोनी की ट्रेनर श्रीमती शिल्पी गुप्ता ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आज मजदूर दिवस के अवसर पर स्वीप की गतिविधियां की जायें

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुये सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि मुरैना अंतर्गत मनरेगा एवं अन्य ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित निर्माण कार्यो में संलग्न मजदूरों के साथ स्वीप की गतिविधियां संचालित की जाये। जिनमें मतदान की शपथ एवं अन्य स्वीप की गतिविधियां अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराई जायें।
समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ के साथ कार्यपालन यंत्री, एसडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसकी जिला स्तर पर मॉनीटरिंग करने के लिये प्रभारी अधिकारी तिलक सिंह कुशवाह को अधिकृत किया गया है।

# देश हित मे शत-प्रतिशत मतदान ज़रूरी: पूनम दंडोतिया

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ गोष्ठी का आयोजन





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** जिस देश में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। वहां एक सशक्त प्रत्याशी व सरकार चुनी जाती है, जिससे देश महान बनता है। हमारा देश भी महान है। इसके लोकतंत्र को और महान बनाने के लिए ये आवश्यक है। शत-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे हैं। उक्त उद्गार लोकमत परिष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कार्य प्रमुख श्रीमती पूनम दंडोतिया ने सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा नगर मुरैना में आयोजित मातृ गोष्ठी में व्यक्त किये। श्रीमती अंजू शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की शान देश का जागरूक मतदाता होता है। हमारा देश और मजबूती के साथ विश्व पटल पर अपना कीर्तिमान स्थापित कर सके। इसके लिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वयं तो मतदान करें ही, लोगों को भी मताधिकार के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती अनीता सिकरवार ने कहा कि मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्र धर्म है। जिसका निर्वहन करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। 07 मई को मौसम कैसा भी रहे। इसकी परवाह किए बगैर हमें बूथ परे कतारबद्ध होकर तब तक डटे रहना है जब तक हम अपने मताधिकार का प्रयोग न कर लें। समापन पर सभी माता-बहिनों ने मतदान के लिए शपथ ली।

# भाजपा लोगों को डरा, धमकाकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है: नीटू सिकरवार





**- जीवन की आखिरी सांस तक आपकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा**
**-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चुनाव जीतने के लिए भारी उत्साह है**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) ने कहा है कि कोई किन परिस्थितियों में या भाजपा के दवाब में पार्टी छोड़कर भाजपा में गए हैं मैं कुछ नहीं कहूंगा। पार्टी छोड़ने वालों का दिल से आशीर्वाद मेरे साथ है। मेरा चुनाव जनता लड़ रही है और जनता का आशीर्वाद मुझे और कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में चुनाव जीतने को लेकर भारी उत्साह है। भाजपा जिस तरह लोकतंत्र को कुचलने का काम डरा, धमकाकर कर रही है जनता भाजपा को चुनाव में माफ करने वाली नहीं है। सभी वर्गों का कांग्रेस को व्यापक स्तर पर जन समर्थन मिल रहा है। मैं अकेला नहीं हूं, लाखों कांग्रेस कार्यकर्ता खुद नीटू सिकरवार बनकर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह में कोई कमी आने वाली नहीं है।
कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) ने मंगलवार को अनेक गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया और जनता से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को डरा, धमकाकर चुनाव में लोगों को तोड़ रही है। इसे चंबल की स्वाभिमानी जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और भाजपा को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ वोट करेगी। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलकर देश में दलित, पिछड़े वर्ग और आदिवाहियों के हक ओर अधिकार छीनने का काम करेगी। आज हर नेता को जेल भेजने की धमकी देकर डराया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं।

# बसपा सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है : रमेश गर्ग

## अम्बाह क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी ने किया सघन जनसंपर्क






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार रमेश गर्ग द्वारा गत दिवस अम्बाह क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया गया। इसके साथ ही उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया। जनसंपर्क व जनसभा के दौरान उन्होंने मतदाताओं से कहा कि बहुजन समाज पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। लेकिन भाजपा व कांग्रेस नहीं चाहतीं कि बहुजन समाज पार्टी का उम्मीदवार जीतकर संसद में पहुंचे। क्योंकि बहुजन समाज पार्टी जितनी ज्यादा ताकतवर होगी उतनी ही ये दोनों पार्टियां कमजोर हो जायेंगी। श्री गर्ग ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को साकार करना है तो हमें बहुजन समाज पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब हमें बदलाव करना है। यह बदलाव मुरैना में ही नहीं अपितु दिल्ली में भी होना चाहिए। जब तक बदलाव नहीं होगा तब तक आपेक्षित परिणाम सामने नहीं आयेंगे। श्री गर्ग ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस दोनों दबाव की राजनीति करती हैं। इनको आमजनता से कोई लेना-देना नहीं है। यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी तो देश का बहुत बड़ा अहित होगा और यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो परिवारवाद की जड़ें मजबूत होंगी। श्री गर्ग ने कहा कि सभी मतदाता आगामी 07 मई को बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। यह मतदान देश के विकास में अहम साबित होगा।

# लोस निर्वाचन के बाद शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगो का करें समाधान

## मप्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष ने चतुर्थ समयमान, लंबित क्रमोन्नति की मांग दोहराई

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** शिक्षकों की लंबे अरसे से लंबित मांगो के निराकरण को लेकर लोस चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। देश प्रदेश के सर्वांगीण विकास के आधार स्तंभ व राष्ट्र शिल्पी शिक्षक समाज के हितों को प्रमुखता से निपटाने की जरूरत है। जिससे शिक्षक अपने ध्येय को पूरी तरह समर्पित भाव से पूर्ण करने की दिशा में निरंतर बढ़ते रहे। यह बात मप्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कही है। डॉ. सिकरवार ने कहा है कि शिक्षकों की कई मांगे हैं जिनका समाधान नही होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शिक्षकों को मिलने



वाली क्रमोन्नति, चतुर्थ समयमान, अनुकंपा नियुक्ति की विसंगतियों का उचित समाधान करना होगा। अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नति प्राथमिकता के आधार पर करने की जरूरत है। पूरे प्रदेश के अध्यापक क्रमोन्नति की बाट जोह रहे हैं। लोस चुनाव की घोषणा से पूर्व इस संबंध में जो पत्र जारी हुआ था। उस पर धीमी गति से कार्य किए जाने से भी इंतजार बड़ा है। केंद्र के समान डीए , सहायक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति की मांग लोस चुनाव बाद रणनीति बनाकर सरकार के समक्ष रखी जाएगी। और इन सभी मांगो को त्वरित निराकरण का प्रयास तेज किया जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी में 39 वर्ष सेवा देने के बाद पूरन सिंह तोमर सेवानिवृत्त

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/पोरसा।** पीडब्ल्यूडी में अपनी



39 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद पूरन सिंह तोमर 30 अप्रैल को

सेवानिवृत्त हो गए। मंगलवार को डाक बंगला पोरसा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट के पूरन सिंह तोमर सहायक असिस्टेंट के पद से रिटायर हुए। उनकी विदाई समारोह में नगर के तमाम व्यक्ति एवं पत्रकार बंधु तथा अधिकारीगण उपस्थित हुए और पूरन सिंह तोमर को शॉल, श्रीफल तथा गीता की पुस्तक देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदा किए गए। साथ ही डाक बंगला पोरसा पर भव्य स्वरूप के भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में उनके इष्ट मित्र एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए।

# विक्टर कॉन्वेंट स्कूल में हुआ क्रिकेट विद डैडीज का भव्य आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** मंगलवार को विक्टर कॉन्वेंट स्कूल में वीपीएल (विक्टर प्रीमियर लीग) के तहत पालकों एवं बालकों के साथ भव्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था ''क्रिकेट विद डैडीज''। व्यस्तताओं के इस दौर में हम अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। बच्चे अपने पिता के साथ खेलना चाहते हैं एवं उनके साथ कुछ समय बिताना चाहते हैं। इस हेतु विद्यालय ने




बच्चों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। और एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया। सभी डैडीज अपने व्यस्त समय में से कुछ पल निकाल कर आए और कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों को उनके पालकों के साथ दो टीमों में विभाजित किया गया जिन्हें टीम ए एवं टीम बी नाम दिया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नेहा इकबाल ने दोनों टीमों का परिचय लेने के बाद सिक्का उछाला अर्थात् टॉस किया। टीम बी के केप्टन हरेन्द्र ओझा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। टीम ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 89 रन का एक शानदार स्कोर खड़ा कर दिया। 90 रन के टारगेट का पीछा करते हुए टीम बी ने दूसरी इनिंग्स की शानदार शुरूआत की। चौकों, छक्कों की छड़ी लगाते हुए टारगेट को मात्र छः ओवरों में ही हिट कर दिया। इस प्रकार टीम बी मैच की विजेता टीम घोषित हुई।
इस परिदृश्य में सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र चीयरकिड्स थे। इन नन्हें कलाकारों ने नृत्य और संगीत का ऐसा शमा बाँध दिया कि सभी उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गये। विद्यालय इन बच्चों के लिये गौरवांवित महसूस करता है। इस मैच की कमेंट्री विद्यालय की कक्षा 10वीं के छात्र शिवांग पाठक एवं छात्रा सानू सिकरवार ने की। इस ईवेंट के सफल आयोजन में विद्यालय के खेल शिक्षक श्री सौरभ सिकरवार एवं श्री हैप्पी शर्मा ने सराहनीय योगदान दिया।
विद्यालय के डायरेक्टर समीर बाँदिल, अमित मोहन बाँदिल, श्रीमती प्रतीक्षा बाँदिल एवं प्राचार्या श्रीमती नेहा इकबाल ने विजेता टीम को वीपीएल की ट्रॉफी भेंट की।

# नाटक एक कठपुतली शो के माध्यम से किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक

## मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में आज रूई की मंडी में आयोजित होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** स्वीप गतिविधि के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना, जिला स्वीप नोडल अधिकारी इच्छित गढ़पाले, नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के निर्देश में शहर के ऐसे मतदान केंद्र जहां पर पिछले निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था उन मतदान केंद्रों पर विशेष स्वीप गतिविधि के माध्यम से




मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी क्रम में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली शो का आयोजन नगर निगम मुरैना द्वारा किया जा रहा है। आज प्रातः 8:00 बजे से अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में रूई की मंडी में श्रमिकों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा एवं मतदाता जागरूकता रैली भी निकल जाएगी।



## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मुरैना।** आगामी 07 मई को वोट डलेंगे। सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें, इसे लेकर पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला

# भारतीय जनता पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है: डॉ. यादव

## बैरसिया में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में आयोजित रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनता को किया संबोधित





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में बैरसिया विधानसभा में रोड शो किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पत्थर से घायल होते तो देखा था, लेकिन फूलों से घायल होते हुए पहली बार देखा है। जिस तरह से बैरसियावासियों ने फूलों की बारिश की है, अपना प्रेम बरसाया है उससे मन गदगद हो गया है। यह बैरसिया के लोगों का प्रेम है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव देश के मान-सम्मान और श्रीराम मंदिर का चुनाव है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 2014 में जब आपने भाजपा को वोट दिया, तो देश से आतंकवाद का सफाया हो गया। दूसरी बार 2019 में वोट दिया था तो अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान हो गए, भव्य मंदिर का निर्माण हो गया, कश्मीर से धारा 370 हटा दी गई, तीन तलाक विरोधी कानून लागू हो गया। अब तीसरी बार का वोट देश के मान-सम्मान के लिए देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो श्रीराम का नहीं है, वह किसी भी काम का नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विश्वगुरू बनने की तरफ बढ़ रहा है। तीसरी बार श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाकर हमें भारत को विश्वगुरू बनाना है, इसलिए इस बार का वोट भी भाजपा को ही मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बैरसिया में उमड़ा जनसैलाब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार की शाम भोपाल जिले के बैरसिया में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में 1 किलोमीटर का रोड शो किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय बस स्टेण्ड चौराहा से चौपड़ बाजार तक खुले रथ पर सवार होकर, हाथों में कमल का प्रतीक लेकर जनता का अभिवादन किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गयीं। जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। रोड-शो के दौरान मुख्यमंत्री का स्वागत करने क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी। समाज के हर वर्ग के पुरुष, महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद रहे और जगह-जगह मंच से पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। अनेक स्थानों पर आतिशबाजी की गई।

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ रथ पर भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा, विधायक विष्णु खत्री एवं भोपाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई भी सवार रहे।

# जनकल्याण सिर्फ भाजपा कर सकती है, भाजपा मेरी माँ है : पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान

## -पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को विदिशा लोकसभा की सिलवानी विधानसभा में जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया





**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को विदिशा लोकसभा की सिलवानी विधानसभा के ग्राम पहोल से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। साथ ही बेगमगंज में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी के साथ विशाल जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और पूर्व सीएम की उपस्थिति में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि, सच्चे अर्थों में शिवराज सिंह चौहान ने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा के लिए दे दिया है। विदिशा की जनता बहुत ही भाग्यशाली है कि, यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और सुषमा स्वराज जी ने नेतृत्व किया। पूर्व मुख्यमंत्री पहले भी यहां से सांसद रह चुके हैं और अब फिर से विदिशा की सेवा करने आए हैं। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, विदिशा लोकसभा क्षेत्र को मुख्यमंत्री मोहन यादव जी यहां से सौगातें देंगे और मैं भी दिल्ली से सौगातें लेकर आउंगा। विदिशा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

भावुक हुए शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा लोकसभा की सिलवानी विधानसभा में जन-आशीर्वाद यात्रा निकाली। यात्रा जब ग्राम गोरखी पहुंचीं तो बहनों ने पारंपरिक गीत गाए, शिवराज को तिलक लगाकर आरती उतारी और हाथों में गेंहू की पोटली रख दी। गेंहू से बंधी पोटली देखकर शिवराज सिंह चौहान काफी भावुक नज़र आए। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, जब मैंने बहनों से पूछा कि, ये गेंहू की पोटलियां क्यों, तो बहनों ने जवाब दिया कि भैया को चुनाव जिताने के लिए हम ये दे रहें हैं। ये मन को भावुक कर देने वाली घटना हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि, आज कई सारी गेंहू की पोटलियां मिली हैं, इस गेंहू से जो पैसा आएगा उसे कन्याओं के विकास के काम में ही लगाया जाएगा। चुनाव बाद यहां आकर एक कार्यक्रम करेंगे

अपने कर्मों के कारण कांग्रेस की ये हालत है

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, अपने कर्मों और गलत फैसलों के कारण ही कांग्रेस की ये हालत हो गई है। इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ही भाजपा में शामिल हो गए हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामनिवास रावत ने भी आज भाजपा की सदस्यता ले ली है। अच्छे विचारवान नेता देश के विकास के लिए कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहें हैं। उम्मीदवारों को भी मोदी जी और भाजपा पर भरोसा है। अब भारतीय जनता पार्टी में तय हैं कि, प्रधानमंत्री मोदी जी हैं और वही बनेंगे, लेकिन कांग्रेस वाले तो बताएं कि, उनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अब कांग्रेस में कुछ बचा नहीं है, कांग्रेस समाप्ति की ओर है।

कांग्रेस ने भगवान राम का विरोध किया

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, भगवान राम की जन्मभूमि आयोध्या में दिव्य और भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ, रामलला विराजमान हुए। बहनें दीपक जला रही थी, नौजवान भगवा पताकाएं लहरा रहें थे, पूरा देश आनंद उत्सव में डूबा हुआ था। यहां तक आयोध्या के अंसारी बंधु, जिन्होंने कोर्ट में बाबरी मस्जिद का केस लड़ा, उन्होंने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और आयोध्या में पूरा अंसारी परिवार प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुआ। निमंत्रण कांग्रेस को भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने कहा कि, मुहूर्त खराब है हम नहीं जाएंगे। अंसारी

# 15 हजार का जुर्माना वसूला गंदगी फैलाने पर



**ग्वालियर ।** नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता अभियान के दौरान स्वच्छता बनाये रखने के साथ ही आमजनों से स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कोई गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही त्वरित की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी अजय ठाकुर के निर्देशन में सांई बाबा मंदिर रोड पर बने हॉस्पिटल द्वारा गंदगी फैलाने पर 2000 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में वार्ड 51 एवं 53 में दुकानदारों द्वारा रोड पर कपड़ों की कतरन फेंकने पर धर्मेन्द्र संचालक पर 5 हजार एवं आनंद भाटिया पर 3 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। नवल कुमार उपस्थित रहे। साथ ही सिटी सेंटर में रिलायंस स्मार्ट द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# मतदाताओं से संवाद कर दिलाई मतदान की शपथ

ग्वालियर । लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। निगम के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को क्षेत्र क्रमांक 13 बसंत बिहार कॉलोनी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संवाद किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र क्रमांक 13 के कर्मचारी एवं क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे।




# मॉकपोल भी देखा, प्रेक्षक आदित्य ने ईवीएम कमीशनिंग कार्य का लिया जायजा



**ग्वालियर।** चुनाव पर निगरानी रखने के लिये नियुक्त प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने मंगलवार को एमएलबी कॉलेज पहुँचकर ईवीएम कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। साथ ही ईवीएम से किया जा रहा मॉकपोल (दिखावटी मतदान) भी देखा।

एमएलबी कॉलेज में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्रांग रूम परिसर में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य किया गया। कमीशनिंग कार्य के तहत हर मशीन पर नोटा सहित लोकसभा का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों के हिसाब से मत पत्र लगाने का काम किया गया है। साथ ही बैटरी लगाकर प्रत्याशियों एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) भी कराया गया। लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा चिन्हित की गईं 5 प्रतिशत ईवीएम में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत एक-एक हजार वोट डालकर मॉकपोल किया गया है। इसके अलावा अन्य ईवीएम में भी नोटा सहित सभी बटन एक दृ एक बार दबाकर मॉकपोल किया गया है। इसके बाद मशीन का सभी डाटा क्लीयर कर मशीन को स्विच ऑफकर दिया गया है। मतदान के लिये पूर्णतः तैयार सभी ईवीएम विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्राँग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गईं हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी अतुल सिंह ने बताया कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसलिए हर मतदान केन्द्र पर कंट्रोल यूनिट के साथ दो बैलेट यूनिट लगाई जायेंगीं। पहली बैलेट यूनिट पर 16 उम्मीदवारों के नाम और दूसरी बैलेट यूनिट पर 17, 18 व 19 क्रमांक वाले प्रत्याशियों के नाम व नोटा है।

# 4 क्रिकेट मैच खेले गए सिंधिया स्कूल दुर्ग में

**ग्वालियर।** सिंधिया स्कूल दुर्ग में इंडियन पब्लिक स्कूल कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में 4 मैच खेले गए। इन मैचों के लिए विद्यालय के माधव और ओवल क्रिकेट फील्ड का चयन किया गया था जिसमें दो-दो मैच खेले गए। ये सभी मैच 20-20 ओवर के थे।

पहला मैच एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर और यादवेंद्र पब्लिक स्कूल पटियाला के बीच हुआ। टॉस जीतकर एमराल्ड हाई स्कूल ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया और यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सभी विकेट होकर 109 रन बनाए। इसके जवाब में एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने 17.5 ओवरों में तीन विकेट पर 113 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। दूसरा मैच राजकुमार कॉलेज रायपुर और बी.के. बिरला इंटरनेशनल स्कूल पुणे के बीच खेला गया। बी.के. बिरला स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवरों में सभी विकेट होकर 101 रन बनाए।इसके जवाब में राजकुमार कॉलेज, रायपुर ने 14.4 ओवरों में तीन विकेट पर 102रन बनाकर सात विकेट से यह मैच जीत लिया।



तीसरा मैच यादवेंद्र पब्लिक स्कूल मोहाली और दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम नई दिल्ली के बीच खेला गया। यादवेंद्र पब्लिक स्कूल मोहाली ने 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 118 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम ने भी 20 ओवरों में 7 विकेट पर 118 रन बनाए और इस प्रकार दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम सुपर ओवर के द्वारा यह मैच जीत गया। चौथा मैच सिंधिया स्कूल ग्वालियर और मॉडर्न स्कूल नई दिल्ली के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए मॉडर्न स्कूल नई दिल्ली ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 169 रन बनाए। मॉडर्न स्कूल की ओर से तन्मय सिंह ने105 रनों का योगदान दिया। सिंधिया स्कूल की ओर से यश चौहान ने 48 गेंद में 78 रन बनाए। मॉडर्न स्कूल की ओर से गृहीत ने तीन और तन्मय ने दो विकेट चटकाए और इस प्रकार मॉडर्न स्कूल 18 रनों से यह मैच जीत गया।

# किराना स्टोर में लगी आग, लाखों का माल खाक



**ग्वालियर।** मुरार स्थित बंगाली कॉलोनी में एक किराना स्टोर में मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही मिनटों में दुकान के अंदर भरा लाखों रूपए का माल जलकर खाक हो गया। बताया गया है कि दुकान में रखे फ्रीज में शॉर्ट सर्किट हो गया था जिसके चलते दुकान में आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मौके दो गाड़ी पानी फायर कर आग पर काबू पाया।

मुरार थाना क्षेत्र स्थित बंगाली कॉलोनी तिकोनिया तिराहे पर दुकान अंकित शिवहारे की ज्योति किराना एवं जनरल स्टोर नाम से दुकान है। मंगलवार दोपहर वह अपनी दुकान में बैठा था, तभी फ्रीज में शॉर्ट सर्किट हो गया और दुकान में आग लग गई। दुकान संचालक समय रहते बाहर निकल आया और अन्य पड़ोसियों के साथ मिलकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग देखते-देखते इतनी तेज हो गई तो उसने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। आग की सूचना जैसे ही अन्य दुकानदार और पड़ोस में रहने वाले लोगों को लगी तो भगदड़ मच गई। आग की सूचना लगते ही दो फायर ब्रिगेड के साथ दमकल दस्ता मौके पर पहुंचा। दमकल अमले ने दुकान में लग रही आग पर पानी डालकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। फायर ब्रिगेड अधिकारी अतिबल सिंह यादव ने बताया कि मुरार थाना क्षेत्र के तिकोनिया तिराहे के पास एक किराना स्टोर में आग लग गई थी। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पानी डालकर काबू पा लिया गया। आग दुकान के अंदर रखे फ्रीज में शॉर्ट सर्किट के चलते लगना बताई जा रही है।

# आज से स्कूली बच्चों के ग्रीष्म अवकाश शुरू

## - सीएम राइज पदमाराजे विद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों के नाम लिखा पत्र

**ग्वालियर।** स्कूली छात्र छात्राओं का आज एक मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गया है। यह 15 जून तक रहेगा। जिसके चलते 45 दिन तक स्कूलों में छुटटी रहेंगी।


सीएम राइज
शासकीय पदमाराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
कंपू, ग्वालियर (म.प्र.)

बच्चे घर पर ग्रीष्मकालीन छुटिटयों का आनंद ले सकें और कुछ नया सीख सकें इस उददेश्य से शासकीय पदमाराजे कन्या विद्यालय सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने अभिभावकों के नाम पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि माता पिता अपने बच्चों को घर के साथ साथ पड़ोसी, रिश्तेदार आदि लोगों से भावनात्मक घुलने मिलने दें। जिससे वह अपनों को जान सकें, अपना पराया समझ सकें। क्योंकि बच्चों के लिये रिश्तेदारों का प्यार व बेसहारा बहुत जरूरी है। इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, विद्युत बचाओं, अन्न का सम्मान करना भी सिखायें।

शासकीय पदमाराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विघालय कंपू के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने अभिभावकों के नाम पत्र के माध्यम से लिखा है कि आपकी लाड़ली आने वाले डेढ़ माह पूरे समय आपके साथ रहेगी। इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुझाव के साथ उन्हें और अच्छा सीखने का अवसर दे सकते है। अपने बच्चों के साथ खाना खाकर अन्न का आदर करना सिखायें। उन्हें किसानों के महत्व व कठिन परिश्रम के बारे में समझाये। जिससे बच्चे भी मेहनत की कीमत समझ सकें। बच्चों को पेड़ पौधों के बारे में जरूर बताये। जिससे वह पर्यावरण को साफसुथरा बनाये रखने में मदद कर सकें। हां बच्चों को टीवी, मोबाइल फेन, कम्प्यूटर आदि से दूर रखें। उन्हें रचनात्मक एवं कलात्मक विकास के ड्राइंग, पेंटिंग एवं क्ले के माध्यम से अपने विचारों को उकरने दें।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**ग्वालियर।** निराश्रित कल्याण समिति एवं मुस्लिम समाज के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को एक मतदाता जागरूकता रैली कटोराताल थीम रोड से एमएलबी कालेज से निकाली। रैली में मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष एवं समाज सेवी एएच खान ने किया। रैली में महानगर के प्रबुद्ध नागरिक मुस्लिम समाज सेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर मोहम्मद रहीश पटेल, हाजी लियाकत मुल्ला, संलीम झंकार, गुडडू कुरैशी, छुटन्ना भाई, निजाम शेखर, सम्मन खां, शाहिद भाई, कल्लू भाई, शेखर निजाम, रेणू राणा, ईसुब भाई, अनवर अख्तर, इरशाद वकील, शेख अब्दुल सिराजउददीन, अययुब खान, समीर अहमद आदि मौजूद थे।

# होर्डिंग स्ट्रेक्चर एवं यूनीपोल के स्ट्रैक्चरों का करायें संधारण कार्य

**ग्वालियर ।** निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन एजेंसियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन किया जा रहा है। एसे स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा कर विज्ञापन शाखा को अवगत करायें।

उपायुक्त विज्ञापन शाखा ने बताया कि निगम सीमा अन्तर्गत समस्त निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन एजेंसियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है जिसमें तेज हवायें, आंधी, बारिश के कारण कोई दुर्घटना न हो इस बावत समस्त भूमि भवन स्वामी, विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सी जिन के भवन पर लोहे के स्ट्रक्चर, अन्य प्रकार के स्ट्रक्चर के माध्यम से होर्डिंग, भूमि पर यूनिपोल लगा कर विज्ञापन किया जा रहा है। ये स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा कर विज्ञापन शाखा को अवगत कराना सुनिश्चित करें। यदि आपदा में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होती तो निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापनकर्ता एजेंसियों की जबाबदेही होगी।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोनः 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435